संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-70 बुधवार, 10 जनवरी 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### रामलला के दर्शन करने आयोध्या जाऐंगे कमल नाथ



**छिंदवाड़ा,09 जनवरी 2024(ए)।** अयोध्या का राम मंदिर धार्मिक चर्चाओं के साथ ही सियासी चर्चाओं का भी विषय बना हुआ है। साथ ही कांग्रेस नेता राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे या नहीं, इसे लेकर सस्पेंस बना हुआ है। इसी बीच पूर्व सीएम कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि वे 22 जनवरी के बाद अयोध्या जाएगें।तीन दिनों के दौरे पर छिंदवाड़ा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने एयर स्ट्रिप पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि अयोध्या में राम मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बन रहा है। भाजपा के पास राम मंदिर का कोई पट्टा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वो भी अयोध्या जाएंगे, इस पर कमल नाथ बोले कि मैं 22 जनवरी के बाद वहां जाऊंगा।

### महादेव ऐप घोटाला करने वाले दम्मानी ब्रदर्स की जमानत याचिका खरिज



**बिलासपुर,09 जनवरी 2024(ए)।** महादेव ऐप घोटाला मामले में जेल में बंद हवाला कारोबारी दो भाई अनिल दम्मानी और सुनील दम्मानी की जमानत याचिका खारिज हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है. पिछले दिनों सुनवाई पूरी कर फैसले को सुरक्षित रखा गया था. जस्टिस एन के चंद्रवंशी की कोर्ट ने फैसला सुनाया है। बता दें कि, महादेव सट्टा एप मामले में दम्मानी भाइयों पर करोड़ों का हवाला करने का आरोप है. इसी कारण दोनों आरोपियों को अगस्त माह के आखिरी में गिरफ्तार किया गया था. 23 अगस्त को ईडी की टीम ने रायपुर और दुर्ग में छापा मार कर प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की थी.

### बीजेपी विधायक ने हिंदुओं को एक या दो बच्चे पैदा न करने की दी चेतावनी

**दक्षिण कन्नड़ ,09 जनवरी 2024 (ए)।** कर्नाटक के उडुपी सीट से भाजपा विधायक हरीश पूंजा ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया है कि अगर हिंदू सिर्फ एक या दो बच्चे पैदा करते हैं तो यह पर्याप्त नहीं होगा और भारत में मुस्लिम आबादी हिंदुओं से अधिक हो जाएगी।



# हमले को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय सख्त

### » ईडी टीमों पर हुए हमलों पर गृह मंत्रालय ने मांगी विस्तृत रिपोर्ट




**कोलकाता,09 जनवरी 2024(ए)।** उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली और इसके बाद बनगांव में तृणमूल नेताओं के ठिकानों पर राशन घोटाले में छापेमारी के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हालिया हमले के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ममता सरकार से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के हवाले से मंगलवार को पता चला है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पांच जनवरी की घटना को लेकर बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी है। इस घटना को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल और विपक्षी दल भाजपा के बीच जुबानी जंग चल रहा है। तृणमूल के कुछ मंत्रियों ने यह जताने की कोशिश की है कि ईडी की टीम पर हमला जन आक्रोश के कारण हुई है।

#### हमले में ईडी के तीन अधिकारी हुए घायल

पांच जनवरी को ईडी की टीम राज्य की राशन प्रणाली में कथित अनियमितताओं के संबंध में संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी करने पहुंची थी,जब शेख के सैकड़ों समर्थकों ने उस पर हमला कर दिया। इस हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए।

#### ईडी अधिकारियों से छीने गए आधिकारिक सामान

हमले के बाद ईडी ने कहा था कि तलाशी के दौरान एक परिसर में ईडी टीम और सीआरपीएफ कर्मियों पर 800-1000 लोगों ने जान लेने के इरादे से हमला किया। वे लोग लाठी, पत्थर और ईंट जैसे हथियार से लैश थे। अधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया था कि हिंसक भीड़ ने ईडी अधिकारियों के निजी और आधिकारिक सामान जैसे कि उनके मोबाइल फोन, लैपटाप, नकदी, वालेट आदि भी छीन लिए, या लूट लिए लिए थे और एजेंसी के कुछ वाहनों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया था।
इसके बाद देर रात बनगांव में भी एक अन्य तृणमूल नेता की गिरफतारी के दौरान ईडी की टीम पर फिर पथारव और हमले हुए थे जिसमें उनकी गाड़ी के कांच टूट गए।

### 22 जनवरी को यूपीके सभी स्कूलों में रहेगी छुट्टी

#### शराब की दुकानें भी बंद, योगी सरकार का फैसला

**लखनऊ,09 जनवरी 2024(ए)।** 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर राज्य



भर के सभी शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टी रहेगी। यह आदेश उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए हैं। सीएम ने यह भी कहा है कि इस दिन राज्य में शराब की दुकानें भी बंद रहेंगी। हाल ही में, बीजेपी विधायक राम कदम ने शराब और मांस पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई थी। उन्होंने कहा था कि 22 जनवरी दिवाली के त्योहार की तरह ही पवित्र है। मैं भगवान राम के सभी भक्तों की ओर से महाराष्ट्र के सीएम से आग्रह करता हूं कि 22 जनवरी के पवित्र दिन पर पूरे राज्य में शराब और मांस पर प्रतिबंध लगाया जाए। दरअसल, अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर देशभर की सम्मानित और महान विभूतियां इस पल की गवाह बनने को आतुर हैं। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां जारी हैं। अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है।

# जमीन घोटाले में लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ीं

### राबड़ी देवी समेत बेटियों के खिलाफ ईडी का बड़ा एक्शन

**नई दिल्ली,09 जनवरी 2024(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत के समक्ष अपना पहला आरोप पत्र दायर किया, जिसमें अन्य के साथ बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव का नाम शामिल है। सूत्रों ने बताया कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार के करीबी सहयोगी अमित कात्याल का भी आरोप पत्र में कुछ कंपनियों के साथ नाम लिया गया है।
अभियोजन की शिकायत (ईडी के आरोप पत्र के बराबर) राउज़ एवेन्यू कोर्ट के समक्ष दायर की गई है। अदालत ने जांच एजेंसी को मंगलवार को ही आरोप पत्र और दस्तावेजों की ई-कॉपी दाखिल करने




का निर्देश दिया है। अब यह मामला 16 जनवरी को संज्ञान में आने की संभावना है। हाल ही में, अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू यादव, उनके बेटे और पत्नी द्वारा आरोप पत्र के साथ दायर दस्तावेजों की आपूर्ति की मांग करने वाले एक आवेदन पर सीबीआई से जवाब मांगा था। राउज़ एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विशाल गोग्ने ने आठ आरोपियों की दोषपूर्ण दस्तावेजों की आपूर्ति की मांग वाली याचिका पर सीबीआई से जवाब दाखिल करने को कहा था। पिछले साल 3 अक्टूबर को कोर्ट ने इस मामले में लालू, बेटे और पत्नी को जमानत दे दी थी. 22 सितंबर को, अदालत ने लालू प्रसाद और उनके बेटे और पत्नी सहित अन्य के खिलाफ सीबीआई द्वारा एक नए आरोप पत्र पर संज्ञान लिया।
चूंकि जांच एजेंसी ने जमानत का विरोध नहीं किया, इसलिए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने जमानत दे दी। सीबीआई ने 18 मई, 2022 को लालू प्रसाद और उनकी पत्नी, दो बेटियों और अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों सहित 15 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था।
ईडी ने जुलाई में कहा था कि उसने मामले में उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत लालू प्रसाद के परिवार ङ्क उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती ङ्क और संबंधित कंपनियों की 6 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त कर ली है। सीबीआई ने 3 जुलाई को लालू प्रसाद,राबड़ी देवी और उनके बेटे और तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

# कैदियों से सप्ताह में दो बार ही मिल सकेंगे परिजन:वकील

### जेल नियमों के खिलाफ दायर याचिका एससी ने की खारिज

**नई दिल्ली, 09 जनवरी 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 2018 दिल्ली जेल नियमों के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया, इसमें परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, दोस्तों और कानूनी सलाहकारों द्वारा कैदी से मिलने की संख्या की सीमा तय की गई है। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने उठाए गए मुद्दे को नीतिगत मामला बताते हुए कहा कि वह पिछले साल फरवरी में पारित दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि कुल दौरे की संख्या को सप्ताह में दो बार सीमित करना पूरी तरह से मनमाना नहीं कहा जा सकता है।
तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एस.सी. शर्मा और सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा था, नीति के



मामलों में, न्यायालय अपने निष्कर्ष को सरकार द्वारा निकाले गए निष्कर्ष से प्रतिस्थापित नहीं करता है, केवल इसलिए कि एक और दृष्टिकोण संभव है, इसलिए यह न्यायालय परमादेश रिट जारी करने वाला कोई भी आदेश पारित करने के लिए इच्छुक नहीं है।

## झारखंड के घाघरा में हिंडालको की बॉक्साइट माइन्स पर नक्सलियों का हमला,आठ गाड़ियां फूंकीं


**रांची,09 जनवरी 2024(ए)।** झारखंड के गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र में हिंडालको कंपनी की बॉक्साइट माइन्स में भाकपा माओवादी नक्सलियों ने हमला बोलकर भारी उत्पात मचाया। उन्होंने माइन्स के काम में लगी आठ गाड़ियों को आग के हवाले कर कर दिया है।



माना जा रहा है कि लेवी (रंगदारी वसूली) की मांग लेकर इस वारदात को अंजाम दिया गया है। वारदात सोमवार देर रात की है। बताया गया कि दो बाइक पर सवार होकर आए छह नक्सलियों ने सेरेनदागी स्थित माइन्स के साइट पर पहले बमबारी की। इससे वहां काम कर रहे मजूदरों में भगदड़ मच गई। इसके बाद उन्होंने प्रोजेक्ट स्थल पर मौजूद पांच हाइवा, एक ट्रक, एक पिकअप वैन और पानी के एक टैंकर में एक-एक कर आग लगा दी। नक्सलियों ने मौके पर पर्चा भी छोड़ा है। इसमें माइनिंग करने वाली कंपनी और ठेकेदारों को धमकी दी गई है। पर्चे में जंगल-पहाड़ में उत्खनन बंद करो, मशीनों से काम करना बंद करो जैसे नारे भी लिखे गए हैं। कहा गया है कि इस इलाके में पार्टी (भाकपा माओवादी संगठन) से संपर्क किए बगैर कोई काम नहीं किया जा सकता है। वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस मंगलवार सुबह मौके पर पहुंची है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## बेटे की हत्यारिन महिला सीओ गिरफ्तार

**बेंगलुरू,09 जनवरी 2024(ए)।** कर्नाटक में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने एक स्टार्ट-अप कंपनी की महिला सीईओ को चार साल के बच्चे की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 39 वर्षीय महिला सीईओ के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीईओ पर आरोप है कि उसने नॉर्थ गोवा में अपने बेटे की हत्या की और फिर बैग में शव डालकर कर्नाटक लेकर वापस आ गई। फिलहाल हत्या का मकसद अभी पता नहीं चला है।



आरोपी महिला की पहचान सुचाना सेठ के रूप में हुई है। सुचाना सेठ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्ट-अप माइंडफुल एआई लैब की सीईओ हैं।

## आईएसआईएस से जुड़े आतंकी को एटीएस ने किया गिरफ्तार

### दूसरे ने किया सरेंडर; 25-25 हजार का रखा था इनाम

**लखनऊ,09 जनवरी 2024 (ए)।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने आईएसआईएस से जुड़े एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य आरोपी ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने एटीएस की उपलब्धियों का बयान जारी कर कहा कि आईएसआईएस से जुड़े 25-25 हजार रुपये के दो इनामी आरोपी, जिनमें प्रयागराज के करेली निवासी आमस उर्फ फराज (22) को सोमवार को एटीएस टीम ने अलीगढ़ से गिरफ्तार किया, जबकि संभल निवासी अब्दुल समद मलिक (25) ने अदालत में समर्पण कर दिया। बयान के अनुसार,एटीएस को यह सूचना मिल



रही थी कि कुछ लोग आईएसआईएस की विचारधारा से प्रेरित होकर शपथ ले चुके हैं और वे खिलाफत कायम करने के लिए देश विरोधी साजिश रच रहे हैं। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर 7 लोगों को पिछले वर्ष नवंबर में गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में आमस अहमद उर्फ फराज अहमद और अब्दुल समद मलिक की तलाश थी। उसने बताया कि फराज को ज्ञस टीम ने सोमवार को अलीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया, जबकि अब्दुल समद मलिक ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया।

# भारत सरकार का बड़ा फैसला

### लक्षद्वीप में नया एयरपोर्ट बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली,09 जनवरी 2024 (ए)।** मालदीव के साथ जारी विवाद के बीच एक अहम खबर सामने आई है। दरअसल भारत सरकार लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप पर नया एयरपोर्ट बनाने की योजना बना रही है। इस एयरपोर्ट के बनने से लक्षद्वीप में पर्यटन बढ़ने की उम्मीद है। खास बात ये है कि नया एयरपोर्ट नागरिक उद्देश्य के साथ ही सैन्य उद्देश्य के लिए भी होगा और यहां से नागरिक विमानों के साथ ही सैन्य विमान भी संचालित हो सकेंगे।

#### नागरिक के साथ ही सैन्य विमानों का भी होगा संचालन

सरकार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि नए एयरपोर्ट पर नागरिक विमानों के साथ ही सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान और फाइटर जेट्स भी संचालित हो सकेंगे और यह एक संयुक्त एयरफील्ड होगा। सरकार ने पहले भी मिनिकॉय द्वीप पर नया एयरपोर्ट बनाने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन अब इस प्रस्ताव में बदलाव कर इसे संयुक्त एयरफील्ड के रूप में विकसित करने की तैयारी है। सैन्य दृष्टि से



नए एयरपोर्ट के बनने से भारत को अरब सागर और हिंद महासागर में निगरानी करने में रणनीतिक रूप से काफी मदद मिलेगी। भारतीय तटरक्षक बल ने पहले सरकार को मिनिकॉय द्वीप पर हवाई पट्टी बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन अब ताजा प्रस्ताव में भारतीय वायुसेना को यहां प्रमुख तौर पर संचालन दिया जाएगा।

#### मालदीव से विवाद के बाद चर्चा में लक्षद्वीप

मिनिकॉय में एयरपोर्ट बनने से लक्षद्वीप में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अभी लक्षद्वीप के अगात्ती द्वीप पर हवाई पट्टी मौजूद है, लेकिन उस पट्टी पर सभी तरह के विमानों का संचालन नहीं हो सकता। हाल ही में पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद से भी यह केंद्र शासित प्रदेश चर्चा में छाया हुआ है। सोशल मीडिया पर पीएम मोदी की तस्वीरें देखकर लोग लक्षद्वीप की तुलना मालदीव से कर रहे हैं। इसे लेकर विवाद भी हो गया क्योंकि मालदीव के कुछ नेताओं ने पीएम मोदी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिस पर भारत सरकार ने कड़ी आपत्ति जताई है। विवाद के बाद मालदीव सरकार ने भी पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मंत्रियों को पद से हटा दिया है।

# अरब सागर में समुद्री डाकुओं की अब खैर नहीं !

### अरब सागर में पहुंचे भारत के 10 युद्धपोत,पाकिस्तान ने भी शुरू की गश्त

**नई दिल्ली,09 जनवरी 2024 (ए)।** भारत ने अरब सागर में समुद्री निगरानी बढ़ा दी हैं। भारतीय नौसेना ने समुद्री डाकूओं और अपहरण की घटनाओं को देखते हुए यहां 10 युद्धपोत तैनात किए हैं। नौसेना ने 10 दिनों के भीतर यहां युद्धपोतों की संख्या दोगुनी कर दी है। वॉरशिप पर नेवी के हेलीकॉप्टर भी तैनात किए गए हैं। अरब सागर में समुद्री डाकूओं द्वारा किए गए हाल के हमलों को ध्यान में रखते हुए, बीते दिनों भारतीय नौसेना ने यहां गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मोरमुगाओ, आईएनएस कोच्चि और आईएनएस कोलकाता (गाइडेड मिसाइल विध्वंसक) तैनात किए थे। भारत के इस कदम के बाद अब पाकिस्तान ने भी अरब सागर में अपने युद्धपोत तैनात किए हैं।
पाकिस्तानी नौसेना का कहना है अरब सागर में हालिया घटनाओं के बाद पाकिस्तान ने ये युद्धपोत तैनात किए हैं। पाकिस्तान का कहना है उसने अपने समुद्री व्यापारिक मार्गो की सुरक्षा नौसेना के लिए अरब सागर में गश्त शुरू की है।
दरअसल हाल ही में हूती विद्रोहियों ने पाकिस्तान जाने वाले एक मालवाहक समुद्री जहाज पर मिसाइल से हमला किया था। इस समुद्री जहाज की कंपनी का कहना था कि किंग अब्दुल्ला पोर्ट, सऊदी अरब से कराची के रास्ते में उसके जहाज पर हुए हमला हुआ था। हालांकि




इस हमले में जहाज या उस पर सवार किसी व्यक्ति को क्षति नहीं पहुंची।
वहीं बीते सप्ताह समुद्री डाकुओं ने लाइबेरिया के ध्वज वाले बल्क कैरियर 'एमवी लीला नॉरफॉक' को हाईजैक करने की कोशिश की थी। हालांकि भारतीय नौसेना के पहुंचने पर समुद्री डाकू रात के अंधेरे में भाग खड़े हुए। नेवी ने यहां 15 भारतीय समेत विमान में सवार सभी 21 क्रू मेंबर को सुरक्षित निकाला था।गौरतलब है कि ऐसी वारदातों के मध्य नजर भारतीय नौसेना ने उत्तर, मध्य अरब सागर और अदन की खाड़ी में निगरानी बढ़ा दी है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय समुद्री डकैती की घटना और भारतीय ईईजेड के करीब एक जहाज पर हाल ही में ड्रोन हमले के मद्देनजर लिया गया है।
रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पिछले कुछ सप्ताहों के दौरान लाल सागर, अदन की खाड़ी और मध्य-उत्तरी अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों के साथ होने वाली समुद्री सुरक्षा से जुड़ी घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। बीते दिनों भारतीय तट से लगभग 700 समुद्री मील दूर एमवी रुएन पर समुद्री डकैती की घटना हुई।
वहीं पोरबंदर से लगभग 220 समुद्री मील दक्षिण पश्चिम में एमवी केम प्लूटो पर हाल ही में ड्रोन हमला हुआ। यह भारतीय ईईजेड के निकट होने वाली समुद्री घटनाओं में बदलाव का संकेत देते हैं। नौसेना ने अब यहां विध्वंसक और युद्धपोत को तैनात किया है। समुद्री गश्ती विमानों से हवाई निगरानी को बढ़ाया गया है।

## संपादकीय

# ईडी पर हमला क्यों हुआ ?

सरकारी कामकाज में लगे अधिकारियों को निशाना बनाना देश में कानून-व्यवस्था और लोकतंत्र के बुनियादी कायदों के हो रहे ह्रास का संकेत है। इसलिए सभी पक्षों को पश्चिम बंगाल में हुई घटना के कारणों पर पूरी गंभीरता से सोच-विचार करना चाहिए।

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के एक नेता के यहां जांच के सिलसिले में गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर उस नेता के समर्थकों का हमला ऐसी घटना है, जिसे किसी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। अपेक्षित है कि कानून लागू करने वाली एजेंसियां इस कांड में तत्परता से उचित कार्रवाई करेंगी। सरकारी कामकाज में लगे अधिकारियों को इस तरह निशाना बनाना देश में कानून-व्यवस्था और लोकतंत्र के बुनियादी कायदों के हो रहे ह्रास का संकेत है। इसलिए सभी पक्षों को इस घटना पर पूरी गंभीरता से सोच-विचार करना चाहिए। सवाल है कि केंद्र सरकार की एक एजेंसी को खासकर विपक्षी खेमों में खलनायक की तरह क्यों देखा जा रहा है? उल्लेखनीय है कि दो मुख्यमंत्री झारखंड के हेमंत सोरेन और दिल्ली के अरविंद केजरीवाल लगातार ईडी के समन की अवहेलना कर रहे हैं। केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि केंद्र में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी खुलेआम सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है।इन एजेंसियों को दूसरी पार्टियों को तोड़ने और उनके नेताओं को भाजपा में शामिल कराने का औजार बना लिया गया है। केजरीवाल की इस राय से विपक्ष का ज्यादातर हिस्सा सहमत नजर आता है, तो उसकी एक वजह है। 2022 में एक अंग्रेजी अखबार ने ईडी की तरफ से दर्ज किए मुकदमों पर एक रिपोर्ट दी थी। उसके मुताबिक मनी लॉन्ड्रिंग रोकने के लिए बने कानून-पीएमएलए में 2019 में बदलाव कर ईडी को यह शक्ति दे दी गई कि वह लोगों के आवास पर छापेमारी, सर्च और गिरफ्तारी कर सकती है। इससे पहले किसी अन्य एजेंसी की ओर से दर्ज की गई एफ़आईआर और चार्ज़शीट में पीएमएलए की धाराएं लगने पर ही ईडी जांच करती थी, लेकिन अब ईडी खुद एफ़आईआर दर्ज करके गिरफ़्तारी कर सकती है। उस रिपोर्ट के मुताबिक़ 2014 से 2022 तक ईडी के निशाने पर रहे क़रीब 95 फ़ीसदी यानी 115 नेता विपक्ष के थे। इसलिए ये धारणा गहराती चली गई है कि ईडी विपक्ष को परेशान करने वाली एजेंसी बन गई है। यह जरूरी है कि ईडी की इस नकारात्मक छवि को तोड़ा जाए, ताकि उसमें सबका भरोसा बहाल हो सके।

# वर्तमान स्थितियों पर पुनर्विचार करे सरकार

कभी हमारा देश उत्सवों पर्वों का देश माना जाता था हर दिन दिवाली होती थी, सभी धर्मों के लोग एक दूसरे के पर्वों को मनाते थे और आपस में मिल जुलकर आनंदित हो कर रहते थे। एक दूसरे के सुख- दुख में बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी निभाते थे।देश पूरी तरह खुशहाल था।पर न जाने किस की कुदृष्टि इस खुशहाली पर पड़ी कि हम संप्रदायों में,जातियों में,ऊंच,नीच,अगड़े,पिछड़े,अतिपिछड़े,दलित, शोषित, काले, गोरे,मद्रासी, राजस्थानी, उत्तरी, पूर्वी ,पहाड़ी,कश्मीरी,राम द्रोही,राम भक्त,राम द्रोही, असली हिंदू, नकली हिंदू, जनेऊ धारी हिंदू में परवर्तित होते चले गए।इसके साथ ही जब से मोबाइल का स्मार्ट फोन आया और डाटा- आटा से सस्ता हुआ है, हम हिंदुस्तानी कुछ अधिक ही स्वार्थी स्मार्ट हो गए हैं ! दोस्ती और प्रेम प्यार सब फेसबुक, इंस्टाग्राम में जमा हो गए हैं। फीलिंग्स सोशल मीडिया में अपलोड हो गई है !कहीं भी देखिए ट्रेनों में,बसों में,कहीं भी यहां तक कि हम किसी अपने बीमार को जो अस्पताल में इलाज ले रहा है,उसको देखने जाते हैं तब भी औपचारिकता पूरी करने के बाद अपने-अपने मोबाइल में व्यस्त हो जाते हैं। आपसी प्रेम ,सौहार्द नाम की कोई चीज़ नहीं बची है।हमें यह भी पता नहीं कि हम जा कहां रहे हैं !लुकिंग गुड,फीलिंग सेड, की चक्की में पिसते जा रहे हैं लक्ष्य हीन अनजान सड़क पर अपने अश्व को दौड़ाए जा रहे हैं।

युवा वर्ग की दशा इतनी बद से बदतर हो चली है कि माता -पिता का स्वप्न साकार करने की अंधी दौड़ में भरी जवानी में आई क्विट कह कर जीवन लीला समाप्त कर लेता है !या फिर डिग्री ले भी लेता है तो इंजीनियर, पुलिस की, फॉरेस्ट गार्ड की,आर्मी के सोल्जर की,चपरासी की,शिक्षक की,या अन्य पदों की भर्ती विज्ञापनों को टटोलता फिरता है,या फिर प्लेसमेंट के नाम पर आए कैम्पस में दस- बीस हजार की कंपनी की नौकरी कर उन कठिन पलों पर हंसता है जो उसने अपनी नींद हराम कर अध्ययन किया !उसे यह ज्ञान उस समय ही हो जाता तो पकोड़े तल लेता या पिता की पुश्तैनी दुकान पर ही काम पर लग जाता।निराशा की गर्त में कुछ युवा पथभ्रष्ट हो कर राष्ट्र द्रोही गतिविधियों में लिप्त हो कर उसे ही अपने जीवन का उद्देश्य बना कर जीवन बर्बाद कर लेते हैं !कुछ युवा स्टार्ट अप !में लग कर सफल हुए हैं ,जिसमें उनकी अपनी विवेक पूर्ण सोच के चलते तथा सही राह अपनाने से सफल हुए हैं।

हमें तथा हमारी सरकारों को ,अपनी इन वर्तमान नीतियों ? के बारे में निष्पक्ष सोच के साथ पुनर्विचार करना परमावश्यक है।शिक्षा के स्वरूप को एक रुपता देने के साथ साथ रोजगारोन्मुखी भी बनाने की ओर कदम बढ़ाने होंगे ताकि युवा पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार ढूंढने के लिए दर -दर की ठोकरें खाने को बाध्य न हो !उसकी शिक्षा का दुरुपयोग कोई आतंकी ,अपराधी न कर सके। यदि हम भारतीय कहलाते हैं और राष्ट्रीयता की भावना को हर नागरिक में देखना चाहते हैं तो हमें हर क्षेत्र में एक रुपता लाना ही होगी।जैसे सामाजिक,आर्थिक,राजनैतिक,नैतिक क्षेत्रों में वर्तमान नीतियों पर पुनर्विचार कर आमूल चूल परिवर्तन करना होगा ।हमारा देश तभी विकसित बन सकता है। कोरी कल्पना करना राख छानने जैसा ही होगा।

**पंकज शर्मा तरुण**
मोती महल,गायत्री नगर
पिपलिया मंडी जिला मंदसौर
मध्यप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान दिलाती है हिन्दी



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़,नई दिल्ली




आधुनिकता की ओर तेजी से अग्रसर कुछ भारतीय ही आज भले ही अंग्रेजी बोलने में अपनी आन, बान और शान समझते हों किन्तु सच यही है कि हिन्दी ऐसी भाषा है, जो प्रत्येक भारतवासी को वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान दिलाती है। सही मायनों में विश्व की प्राचीन, समृद्ध एवं सरल भाषा है भारत की राजभाषा हिन्दी, जो न केवल भारत में बल्कि अब दुनिया के अनेक देशों में बोली जाती है। वैश्विक स्तर पर हिन्दी की बढ़ती ताकत का सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष यही है कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं और दुनियाभर के सैंकड़ों विश्व विद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है। दुनियाभर में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करने तथा हिन्दी को अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से 10 जनवरी को 'विश्व हिन्दी दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी की महानता के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम है। पहली बार नागपुर में 10 जनवरी 1975 को विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। तत्पश्चात् भारत के बाहर मॉरीशस, यूनाइटेड किंगडम, त्रिनिदाद, अमेरिका इत्यादि देशों में भी विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया।

विश्वभर की भाषाओं का इतिहास रखने वाली संस्था 'एथ्नोलॉग' के द्वारा जब हिन्दी को दुनियाभर में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा बताया जाता है तो सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। अगर हिन्दी बोलने वाले लोगों की संख्या की बात की जाए तो विश्वभर में पचहतर करोड़ से भी ज्यादा लोग हिन्दी बोलते हैं। इंटरनेट पर भी हिन्दी का चलन दिनों-दिन तेजी से बढ़ रहा है और दुनिया के सबसे बड़े सर्च इंजन गूगल द्वारा कुछ वर्षों पूर्व तक जहां अंग्रेजी सामग्री को ही महत्व दिया जाता था, वहीं अब गूगल द्वारा भारत में हिन्दी तथा कुछ क्षेत्रीय भाषाओं की सामग्री को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि देश में हिन्दी में इंटरनेट उपयोग करने वाले की संख्या अब अंग्रेजी में इसका उपयोग करने वालों से ज्यादा हो जाएगी। कुछ वर्ष पूर्व डिजिटल माध्यम में हिन्दी समाचार पढ़ने वालों की संख्या करीब साढ़े पांच करोड़ थी, जो अब बढ़कर चौदह करोड़ से ज्यादा हो जाने का अनुमान है। इंटरनेट पर हिन्दी का जो दायरा कुछ समय पहले तक कुछ ब्लॉगों और हिन्दी की चंद वेबसाइटों तक ही सीमित था, अब हिन्दी अखबारों की वेबसाइटों ने करोड़ों नए हिन्दी पाठकों को अपने साथ जोड़कर हिन्दी को और समृद्ध तथा जन-जन की भाषा बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

तकनीकी रूप से हिन्दी को और ज्यादा उन्नत, समृद्ध तथा आसान बनाने के लिए अब कई सॉफ्टवेयर भी हिन्दी के लिए बन रहे हैं। यह हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी की ताकत ही कही जाएगी कि इसके इतने ज्यादा उपयोगकर्ताओं के कारण ही अब भारत में बहुत सारी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां हिन्दी का भी उपयोग करने लगी हैं। हिन्दी की बढ़ती ताकत को महसूस करते हुए भारत में ई-कॉमर्स साइटें भी ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक अपनी पहुंच बनाने के लिए हिन्दी में ही अपनी 'एप' लेकर आ रही हैं। हिन्दी इस समय देश की सबसे तेजी से बढ़ती भाषा है। अगर 2011 की जनगणना के आंकड़े देखें तो 2001 से 2011 के बीच हिन्दी बोलने वालों की संख्या में हमारे देश में करीब 10 करोड़ लोगों की बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2001 में जहां 41.03 फीसदी लोगों ने हिन्दी को अपनी मातृभाषा बताया था, वहीं 2011 में ऐसे लोगों की संख्या करीब 42 करोड़ के साथ 43.63 फीसदी दर्ज की गई और जिस प्रकार हिन्दी का चलन लगातार बढ़ रहा है, माना जाना चाहिए कि उसके बाद के करीब एक दशक में हिन्दी बोलने वालों की संख्या में कई करोड़ लोगों की बढ़ोतरी अवश्य हुई होगी।

भारत लंबे समय तक अंग्रेजों का गुलाम रहा और उस दौरान हमारे यहां की भाषाओं पर भी अंग्रेजी दासता का बुरा प्रभाव पड़ा। इसी कारण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दी को 'जनमानस की भाषा' बताते हुए वर्ष 1918 में आयोजित 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' में इसे भारत की राष्ट्रभाषा बनाने को कहा था। सही मायने में तभी से हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के प्रयास शुरू हो गए थे और गर्व का विषय यह है कि अब सैंकड़ों देशों में हिन्दी का प्रयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है। अगर भारतीय परिवेश में हिन्दी के प्रचलन को लेकर बात की जाए तो यह चिंता की बात है कि भारतीय समाज में बहुत से लोगों की मानसिकता ऐसी हो गई है कि हिन्दी बोलने वालों को वे पिछड़ा और अंग्रेजी में अपनी बात कहने वालों को आधुनिक का दर्जा देते हैं। हिन्दी का करीब 1.2 लाख शब्दों का समृद्ध भाषा कोष होने के बावजूद अधिकांश लोग हिन्दी लिखते और बोलते समय अंग्रेजी भाषा के शब्दों का दिल खोलकर इस्तेमाल करते हैं।


ऐसे में विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर लोगों को हिन्दी भाषा के विकास, हिन्दी के उपयोग के लाभ तथा उपयोग न करने पर हानि के बारे में समझाया जाना बेहद जरूरी है। लोगों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाए कि हिन्दी उनकी राजभाषा है, जिसका सम्मान और प्रचार-प्रसार करना उनका कर्त्तव्य है और जब तक सभी लोग इसका उपयोग नहीं करेंगे, इस भाषा का विकास नहीं होगा। उन्हें यह अहसास कराए जाने का भी प्रयास किया जाना चाहिए कि भले ही दुनिया में अंग्रेजी भाषा का सिक्का चलता हो लेकिन हिन्दी अब अंग्रेजी भाषा से ज्यादा पीछे नहीं है।

# विश्व में देश का प्रतिनिधित्व करते शिक्षा,संस्कार और विज्ञान का ज्ञान



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी, रायपुर छत्तीसगढ़,

वैश्विक परिदृश्य में किसी भी देश की पहचान और उसका महत्व देश की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता,संस्कारों में अंतर्निहित ज्ञान और देश की सांस्कृतिक विविधता से ही होती हैद्य इसके पश्चात प्राकृतिक संसाधनों का दोहन एवं विज्ञान, तकनीकी एवं व्यापारिक क्षमता से देश की स्थिति का आकलन होता है। किसी भी राष्ट्र की आधारशिला उस राष्ट्र की संस्कृति,शिक्षा,संस्कार और ज्ञान की कसौटी ही होते है।शिक्षित नागरिक ही महान राष्ट्र का निर्माण करते हैं, और संस्कृति,संस्कार उसे समृद्ध देश बनाते हैं। राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज का नवजात शिशु कल का सफल नागरिक होता है, उसकी शिक्षा-दीक्षा और संस्कार से ही देश की सफलता निर्भर होती है। कक्षा की पिछली सीट पर बैठे किसी आइंस्टीन की तलाश के लिए पारखी की नजरों की आवश्यकता होती है। जिसे नकारा घोषित कर विद्यालय से निकाल दिया जाता है, वही बालक आगे चलकर युग परिवर्तनकारी सापेक्षता का विशिष्ट सिद्धांत दे जाता है. न्यूटन के गति के सिद्धांत हमारे जिंदगी को द्रुतगति से आगे की ओर अग्रसर करते हैं। यह ऐसे बालक जो जो आगे चलकर बनी बनाई परंपरा तथा लीक से हटकर चलते हैं, और परंपराओं पर गहरी चोट करते हैं। जो समाज से सुना, उसे सुनकर रह नहीं जाते हैं, और जो समाज में उसने देखा,सिर्फ देख कर नहीं रह जाते हैं, बल्कि देख सुनकर उस पर चिंतन मनन कर नई धारणा तथा सिद्धांतों को प्रतिपादित करते हैं और विश्व को उसकी सौगात भी देते हैं। हमें इन महान बालकों को गरीब बस्तियों से लेकर गली मोहल्ले और शहरों में खोजना चाहिए। बेंजामिन फ्रैंकलीन कि अपनी राय है कि बिना वैचारिक स्वतंत्रता के बुद्धि जैसी कोई चीज हो ही नहीं सकती है। हम वर्तमान में जिस समाज में हैं और जिस समाज से हमने सभ्यता का विकास की शुरुआत की है, उसका जब सूक्ष्म विश्लेषण करते हैं तो यही पाते हैं कि अपनी आजादी के तमाम तामझाम बनाने वाला इंसान दिन प्रतिदिन अपनी की बनाई दुनिया के बोझ तले गुलाम होता जा रहा है।




आज हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो गई है, कि बचपना बस्ते के बोझ तले दबता चला जा रहा है। हमारी शिक्षा व्यवस्था को ऐसा होना चाहिए कि बच्चों को किताबी कीड़ा बनाने के बजाय उसकी नैसर्गिक रचनात्मक प्रतिभा को उभार कर जीवन उपयोगी बनाएं। बच्चों का मूल्यांकन सिर्फ इसी आधार पर नहीं होना चाहिए कि उसने कितने अंक प्राप्त किए हैं, बल्कि यह देखा जाना चाहिए कि उसकी रूचि किस क्षेत्र में ज्यादा है, और वह जीवन में इस क्षेत्र में आगे बढ़ कर एक सफल इंसान और समाज के लिए कितना उपयोगी हो सकता है,और वह खेल, साहित्य, संस्कृति, विज्ञान में कितना अपनी शक्ति और क्षमता के हिसाब से क्या प्रदर्शन कर सकता है। माता-पिता तथा अभिभावकों को भी इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि उसे जबरिया डॉक्टर,इंजीनियर, वैज्ञानिक या अधिकारी बनाने की बजाय उसकी रूचि हो को मद्देनजर रखकर उसका कैरियर चुनने की आजादी देने में मदद करनी चाहिए।

अधिकांश भारतीयों ने जो अनुसंधान या नई खोजें की हैं, वह सब विदेशों में जाकर ही वहीं की सुविधाएं प्राप्त कर,परिणाम दे सके हैं। भारत में गणित, विज्ञान तकनीकी संचार,इंजीनियरिंग, मीडिया रिसर्च की बहुत ज्यादा आवश्यकता है। यह अत्यंत विचार योग्य है कि हम अपने युवा देश के युवा साथियों को उत्कृष्ट मंच अनुसंधान अथवा साहित्य, संस्कृति,विज्ञान तथा अन्य क्षेत्रों में नहीं दे पा रहे हैं।

प्रतिभा पलायन की दरों में वृद्धि को रोककर हमें अपने बच्चों को बाल्यकाल से उनकी विचारधारा तथा रूचि के अनुसार समस्त सुविधाएं प्रदान कर नई चीजों के लिए उन्हें प्रोत्साहित कर उन्हें साधन संपन्न बनाना चाहिए।

हमारी शिक्षा नीति हमारे अभिभावक, समाज और सरकार को चाहिए कि बचपन से सृजन क्षमता को आगे बढ़ाकर जिंदगी के बहुत से पाठ स्वयं सीख कर उनके उत्तर तलाशने में उन्हें सक्षम बनाएं। यह एक प्रकार का मनोविज्ञान भी है। यह मनोविज्ञान माता,पिता, भाई, बहन एवं बालक को समझ में आए ऐसा उनके बाल काल से ही व्यवहार के रूप में समझाना होगा, तब जाकर वह छोटा बालक एक विचार वान देश और समाज के उपयोगी नौजवान बन पाएगा। दार्शनिक रूसो ने भी कहा है कि मनुष्य स्वतंत्र जन्म लेता परंतु सामाजिक बंधनों द्वारा जकड़ लिया जाता है। जरूरी है कि बालकों बालिकाओं के बाल काल से ही बंधनों से स्वतंत्र रखा जाए अतिवादीता तथा रूढ़िवादिता से परे उन्हें स्वतंत्र विचार करने की मौलिकता तथा क्षमता को विकसित होने की प्रक्रिया में अनुसरण करने का मौका दिया जाए। इससे हम जिस लोक में जी रहे हैं उस समाज को नए रूप में वक्त के साथ बदला जा सके। वैसे देखा जाए तो हम जिस पूंजीवादी बाजार वादी व्यवस्था में सांस ले रहे हैं, वहां हम एक निजी स्वार्थी व्यक्तित्व का निर्माण करने में व्यस्त हैं ।आज के युग में हर युवा आगे बढ़ने की ललक में वस्तुओं का सृजन करने की बजाय सब कुछ रेडीमेड लेने की व्यवस्था का अनुगामी बन गया है। इस तरह हमारे समाज की विचारधारा तथा बुद्धि भी रेडीमेड हो चुकी है। इस तरह हम अंकुरित होते पौधे को ज्यादा से ज्यादा खाद बीज डालकर एक खोखला तथा आधारहीन कमजोर वृक्ष बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जो हमें दिशाहीन अंधेरे की तरफ ले जा रहा है,एवं हमारी समूची युवा अपनी की वैचारिकता को दीमक लगाने जैसा काम कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों के विद्यालय में यह दृश्य आम दिखाई देता है कि बच्चे कलम दवात की बजाए थाली और कटोरी लेकर मिड डे मील के लिए आते हैं, निसंदेह यह गरीबी के कारण होता है, पर है तो दुर्भाग्य। मिड डे मील के कारण स्कूल में बच्चों की उपस्थिति दुगनी हो जाती है। किसी ने यह भी सच कहा है कि विचारों का रास्ता पेट से होकर गुजरता है गरीबी ने देश के होनहार बच्चों की वैचारिक क्षमता को कलम थाली और ग्लास में समेट कर रख दिया है।

स्वतंत्र विचारों को बचपन से प्रोत्साहित करने के उपायों में एक प्रमुख उपाय गरीबी दूर करना तो है ही, बाल श्रम को भी हतोत्साहित करने का प्रयास किया जाना चाहिए, जिससे बच्चा स्कूल से दूर होकर अपने पेट भरने तक सीमित रह जाता है। दूसरे क्रम में विचारधारा को विकसित करने के लिए अच्छे और विद्वान शिक्षकों की स्कूलों में नियुक्ति की जानी चाहिए। क्योंकि शिक्षक ही मां बाप के पश्चात बच्चों को मानसिक रूप से प्रभावित करने वाला एक आधार स्तंभ होता है। एक तरफ बाल मनोविज्ञान को समझकर बाल काल से ही बच्चों को वैचारिक क्षमता बढ़ाने की कोशिश की जानी चाहिए, ताकि हम देश को विद्वान, साहित्यकार,वैज्ञानिक अधिकारी, डॉक्टर और इंजीनियर दे सकें।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# बिलकिस बानो मामले में 11 दोषियों की सजा में छूट के गुजरात सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द करना एक बड़ा फैसला



बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के आरोप में जेल जाने के बाद अपनी उम्रकैद की सजा में छूट का आनंद लेने वाले दोषियों को सुप्रीम कोर्ट ने जेल अधिकारियों को रिपोर्ट करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने गुजरात सरकार के माफी आदेश को रद्द कर दिया. न्याय के चश्मे से मिलने वाले आश्वासन को बरकरार रखने के अलावा, सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने पीठ द्वारा धोखाधड़ी कहे जाने वाली परतों को गहराई से उजागर किया, जिसके कारण 15 अगस्त, 2022 को 11 दोषियों की सजा माफ कर दी गई। गुजरात सरकार ने कहा था महाराष्ट्र सरकार की शक्तियों को 'हथिया लिया', जो अकेले ही कानून द्वारा छूट पर निर्णय ले सकती थी, वह राज्य होने के नाते जहां मुकदमा हुआ था। मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को उन 11 दोषियों में से एक दोषी की स्थिति पर गौर करने का निर्देश दिया था, जिन्होंने माफी मांगी थी, ऐसा लगता है कि गुजरात सरकार ने सभी 11 को रिहा करने के लिए इसका इस्तेमाल किया था,जिसके लिए वह 'सक्षम' प्राधिकारी भी नहीं थी। .अदालत के आदेश का इस्तेमाल तथ्यों की गलत बयानी के माध्यम से कानून का उल्लंघन करने के लिए किया गया था। इसके अलावा, छूट कुछ सिद्धांतों पर आधारित है, न कि अनुचितता और मनमानी पर; गुजरात सरकार की कार्रवाई को 'विवेक का दुरुपयोग' करार दिया गया।सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों की तीक्ष्णता हाल के वर्षों में पनपी अराजकता की आभा को भेदती है। अपराध की प्रकृति ने कई लोगों के लिए माफी को चौंकाने वाला, यहां तक कि चिंताजनक बना दिया था। सुश्री बानो गर्भवती थीं जब 2002 में गुजरात में हिंसा के दौरान 11 लोगों ने उनके साथ बलात्कार किया था; उनकी नवजात बेटी की उसके परिवार के छह अन्य सदस्यों के साथ हत्या कर दी गई। इसलिए, 2022 में दोषियों की रिहाई ने यह भावना बढ़ा दी थी कि नफरत और हिंसा की राजनीति जीत रही है। गवाहों और सामूहिक बलात्कार से बचे लोगों को डराना, कभी-कभी हत्या करना आम बात हो गई थी, और दमन के प्रयासों में राज्य की मिलीभगत ने भय, क्रोध और अविश्वास पैदा कर दिया था। महिलाएं हिंसा, लैंगिक घृणा और सांस्कृतिक वर्चस्व की राजनीति का स्वाभाविक लक्ष्य हैं; सुश्री बानो इसका एक उदाहरण थीं। वह भी अल्पसंख्यक समुदाय से हैं. ये कारक सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को देश के कानून से जुड़े फैसले से कहीं अधिक महत्व देते हैं; यह ऐसे समय में मानवता और समानता के सिद्धांतों पर जोर देता है जो दुर्लभ होते जा रहे हैं।

-त्रिवेणी देवांगन-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## सुखमय मृत्यु

जग के आपाधापी मे जो छल है
निश्चित ही आज नहीं तो कल है
जीवन का एक ही सत्य अटल है
टल ना सके कभी इतना सबल है
एक छोर से दूजे छोर तक बंधा है
सत्कार्मो से जो सदा अब सधा है
एक प्रयास जीवन का हलचल है
टल ना सके कभी इतना सबल है
भूले क्यों इसको जब जन्म लिये है
आज नहीं तो कल मृत्यु निश्चय है
सत्य उतना ही जितना गंगाजल है
टल ना सके कभी इतना सबल है
चलो जीने को एक मतलब देते है
खुद को भी एक नया सबब देते है
क्योंकि मृत्यु ही सुखमय कल है
टल ना सके कभी इतना सबल है
करें स्वागत इसका बांहे फैलाकर
जगत को कुछ अहसास कराकर
सुखमय मृत्यु ही जीवन का हल है
टल ना सके कभी इतना सबल है



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
आमाचानी
धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## दोहे

लीन
मीत तुम्हारे ध्यान में,
रहती हर क्षण लीन।
दूर तनिक जो तुम हुए,
तड़पूँ बनकर मीन।।

मीन
मीन बिना जल कब जिये,
तज देती है प्राण।
इससे बढ़कर प्रीति का,
मलता नहीं प्रमाण।।

दीन
सजन तुम्हारी याद में,
मैं हूँ साँस विहीन।
तुम ही वैभव हो पिया,
तुम बिन मैं हूँ दीन।।

नवीन
तुम्हीं हर्ष प्रारंभ हो,
सुख अध्याय नवीन।
प्रीति बंध मजबूत है,
धागा यही महीन।।

अधीन
है अधीन उर आपके,
आप बने हो भूप।
हृदय राज्य पर आपका,
शासन चले अनूप।।



**प्रीति चौधरी मनोरमा**
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## जंगल ला झन काटव

आज काटबे तँय जंगल ता,देख
कुछू नइ बाँचय काल।
जल जंगल बिन होही मरना,
हाल सबो होही बेहाल।।
ठूठ घलो नइ बचही संगी,
गर्रा धूका आही संग।
रुख राई जम्मो कटही ता,
उड़ जाही गा हरियर रंग।।
जीव जंतु जम्मो मर जाही,ठउर-ठउर
दिखही कंकाल।
आज काटबे तँय जंगल ता,
देख कुछू नइ बाँचय काल।।
रुख राई सँग सबजन रोहीं,
नैनन ला बोहाही धार।।
उँखर दुःख ला देख सबो के,
बिरथा लगही ए संसार।।
बंजर हो जाही भुइयाँ हा,
संग लानही देख अकाल।
आज काटबे तँय जंगल ता,
देख कुछू नइ बाँचय काल।।
नदिया नरवा सुक्खा परही,
जी के बन जाही जंजाल।
माटी महतारी बोहाके,
रूप दिखाही गा विकराल।।
भुइयाँ चटके करही संगी,
घाम मारही गजब उबाल।
आज काटबे तँय जंगल ता,
देख कुछू नइ बाँचय काल।।
पर्यावरण प्रदूषण बढ़ही,
सबके होही बड़ नकसान।
अजब-गजब बीमारी आके
हर लीही गा सबके प्राण।।
जंगल ला झन तुमन उजारव,ऐला
राखव सबो सँभाल।
आज काटबे तँय जंगल ता,
देख कुछू नइ बाँचय काल।।



**संतोष मिरी हेम**
कोरबा
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# लोक निर्माण,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,पीएचई,पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभागों के विभिन्न विकास कार्यो का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

- 30 करोड़ 7 लाख राशि के 30 विभिन्न विकास कार्यों के लिए क्षेत्रवासियों को दी सौगात
- सूरजपुर के जमदेई में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा
- देवीपुर महामाया मंदिर से पंपापुर रोड चौड़ीकरण के लिए 4.5 करोड़ रुपए की स्वीकृति
- देवीपुर से नौवापर मार्ग में जोगीगुड़ा नाले में पुलिया निर्माण के लिए 3 करोड़ की स्वीकृति
- 50 सीटर बालिका छात्रावास की घोषणा,जगह बाद में तय होगी, जमदेई में 20 लाख से सामुदायिक भवन की स्वीकृति, मां कुदरगढ़ी मंदिर में रोप वे की स्वीकृति की घोषणा





- संवाददाता -
सूरजपुर, 09 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अखिल भारतीय बिंझिया समाज के महासम्मेलन पर सूरजपुर के जिलेवासियों को 30 करोड़ 7 लाख रू के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। जिनमें मुख्यमंत्री द्वारा 04 विभागों के अंतर्गत विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में बताया कि कैसे राज्य शासन नवा छत्तीसगढ़ के सतत विकास की दिशा में कार्य कर रही, आदिवासी बाहुल्य और दूरस्थ अंचल के क्षेत्र में विशेष फोकस करना शासन की प्राथमिकता की श्रेणी में है। उन्होंने आगे कहा किसान,मजदूर और लघु वन उपज संग्रहक को हमारी योजनाओं से निःसंदेह लागू है। शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार और छत्तीसगढ़ की संस्कृति शासन की प्राथमिकता है। सभी लोग आर्थिक रूप से संपन्न बने ताकि शासन के नया छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प शीघ्र पूर्ण हो, इसके लिए समावेशी विकास की अवधारणा को छत्तीसगढ़ शासन अपना रही है। छत्तीसगढ़ के सभी लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मजबूत कदम उठाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा किए जाने वाले लोकार्पण कार्यों में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत विकासखण्ड प्रतापपुर के ग्राम सरहरी से ग्राम सिंघरा के मध्य बाकी नदी में पुल निर्माण के लिए 481.19 लाख, विकासखण्ड़ रामानुजनगर में लोहरदगा नाला पर पुल निर्माण के लिए 454.49 लाख,विकासखण्ड़ भैयाथान के कसकेला केवटाली मार्ग पर गोबरी नाला पर पुल निर्माण के लिए 461.50 लाख, कुल 03 विकास कार्य के लिए 1397.18 लाख, इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत विकासखण्ड़ रामानुजनगर के पटना बरगैयापारा से मोहनपुर पटेलपारा सड़क का नवीनीकरण कार्य के लिए 70.15 लाख, विकासखण्ड़ प्रेमनगर के नमनाकला गौटियापारा से टाकरपारा सड़क का नवीनीकरण कार्य के लिए 78.39 लाख तथा बिलासपुर धनवार रोड से जनार्धपुर खासपारा सड़क का नवीनीकरण कार्य के लिए 36.84 लाख,उमेश्वरपुर से पार्वतीपुर खासपारा सड़क का नवीनीकरण कार्य के लिए 65.84 लाख है। विकासखण्ड़ भैयाथान के भटगांव दतिमा मोड़ से राई पिपरपारा सड़क का नवीनीकरण कार्य के लिए 41.62 लाख, बतरा नवापारा से बरौल खास सड़क का नवीनीकरण कार्य के लिए 51.27 लाख व बरौल से जूनाधरतीपारा सड़क का नवीनीकरण कार्य के लिए 47.67 लाख कुल 07 विकास कार्य के लिए 391.78 लाख, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत 09 कार्य के लिए 1027.39 लाख तथा पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग के लिए 11 कार्य के लिए 190.78 लाख की राषि सम्मिलित है।

## बच्चों के हाथों में केक देखकर मुख्यमंत्री ने पूछा किसका जन्मदिन है, बच्चों का जवाब सुनकर उन्होंने खुद काटा केक






मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज सूरजपुर जिले के जमदेई ग्राम में पहुंचे थे जहां उनकी नजर महिला बाल विकास विभाग के स्टॉल पर पड़ी। यहां पर कुछ बच्चे हाथों में केक लिए खड़े थे। मुख्यमंत्री ने पूछा किसका जन्मदिन है , तो बच्चों ने जो जवाब दिया उससे मुख्यमंत्री इतने प्रभावित हुए की उन्होंने खुद ही बच्चों के लिए अपने हाथों से केक काटा और उन्हें खिलाया भी।

दरअसल सूरजपुर जिले के तीन बच्चे आकाश, रिहान और रिशांक की गिनती कुपोषित बच्चों में थी और उनकी हालत बेहद खराब थी। ऐसे में महिला बाल विकास द्वारा संचालित योजना का लाभ देते हुए इन बच्चों को सुपोषित आहार देना शुरू किया गया। आंगनबाड़ी से बच्चों को रेडी टू ईट और गर्म पोषण युक्त भोजन मिला जिससे ये तीनों कुपोषण को मात दे सके और खुद को एक नया जीवन देते हुए सुपोषित हुए।

तीनों ने मुख्यमंत्री से कहा कि उन्हें शासन की योजनाओं से नया जीवन मिला है और इसके लिए वो रेडी टू ईट का बना केक लेकर आए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष श्री रमन सिंह ने इन बच्चों को खूब आशीर्वाद दिया और मुख्यमंत्री ने खुद केक काटते हुए अपने हाथों से बच्चों को खिलाया।









## मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को किया सामग्री का वितरण

अखिल भारतीय बिंझिया समाज के कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा विभिन्न हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया गया। जिसके अंतर्गत



मछली पालन विभाग से 05 लोगो को आइस बॉक्स, 05 लोगों को मछली जाल प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग से बीना देवांगन को निःशक्त विवाह प्रोत्साहन राशि दी गई इसके अलावा विभाग द्वारा 01 ट्राई साइकिल और 03 मोटराइज्ड साइकिल प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 लोगों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। खाद्य विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को पीएम उज्जवला गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। उद्यान विभाग द्वारा 05 लोगो को मिर्ची बीज का वितरण किया गया। इसके साथ ही राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10 हितग्राहियों को डेमो चेक का वितरण किया गया।

## पाक कला प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

सरस्वती महाविद्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्रवाल,व्यवस्थापक बसंत कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष राज रूप छाजेड़, समिति के सदस्य करता राम गुप्ता, ज्योत्सना पालोरकर, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीपी तिवारी व अन्य की उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन समस्त विभागों के बीच किया गया था। कला संकाय वाणिज्य संकाय कंप्यूटर संकाय प्राणी शास्त्र विभाग वनस्पति शास्त्र विभाग शारीरिक शिक्षा विभाग गणित विभाग जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी सुविधाओं के अनुसार स्वादिष्ट व्यंजनों को तैयार कर मुख्य अतिथियों को पेश किया।

विद्यार्थी द्वारा विभिन्न विभागों के बीच इस प्रतियोगिता मैं सभी विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया और अपने-अपने कक्षा की अच्छी तरह से सजावट की विद्यार्थियों ने अपने कक्ष के बाहर रंगोली भी बनाई। जिसने मुख्य अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में महाविद्यालय के छात्रों द्वारा मुख्य अतिथियों को विभिन्न विभागों में ले जाया गया और अपने-अपने विभाग का स्वादिष्ट व्यंजन मुख्य अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिस ने अतिथियों का मन मोह लिया मुख्य अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों में चयन किया गया एवं सभी विभागों की साज सज्जा एवं सजावट को देखते हुए उन्होंने सभी विभागों को अपनी ओर से प्रोत्साहित किया। सभी अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को उनके अनुशासन व्यवस्था प्रस्तुति स्वाद स्वच्छता के आधार पर अंक प्रदान किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शारीरिक शिक्षा विभाग ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान वनस्पति शास्त्र विभाग एवं तृतीय स्थान गणित विभाग को प्राप्त हुआ एवं अन्य विभागों को अतिथियों द्वारा सांत्वना प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक पर अध्यापक ऋषि सिंह मीना पटेल, प्रवीण गोविंद यादव शर्मा, मलय दास, रंजन द्विवेदी, सुरेश यादव, प्रीति शुक्ला , दीपशिखा सिंह, रितु सिंह , पूजा सिंह, सूरज कुमार, गोविंद यादव, जैकी प्रसाद, अभिनेश चौधरी एवं समस्त छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

## "अखिल भारतीय बिंझिया समाज" का हुआ भव्य कार्यक्रम






- संवाददाता -
सूरजपुर, 09 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

जमदेई, जयनगर क्षेत्र, ''अखिल भारतीय बिझिया समाज'' के महासम्मेलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुख्य अतिथि के तौर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस अवसर पर कार्यक्रम में बिंझिया समाज के अतिरिक्त संवरा, धागड़, गोड, धनुहार, भुईया, पन्डो, खेरवार, अमनित, कोडा, बिरजिया देहारी कोरवा, सनसारी उरांव, चिक-चिकवा, मलार, अगरिया इत्यादि जनजाति समुदाय द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत परम्पागत तरीकों से किया गया। अधिकार वंचित आदिवासी संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित अखिल भारतीय बिंझिया समाज महासम्मेलन पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमने शपथ के बाद पहला कार्य किसानों के हित में लिया। मोदी की गारंटी के तहत किसानों के धान को 3100 रुपये प्रति किवंटल की दर से खरीद रहे हैं, श्री साय ने कहा कि सुशासन दिवस के दिन 12 लाख किसानों को बकाया बोनस राशि भी उनके खाते में डाली गई। श्री साय ने कहा कि वे जब केंद्र में राज्यमंत्री थे तब लगातार बिंझिया समाज सहित 12 जातियों को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने के लिए लगातार प्रयासरत थे। उन्होंने बताया कि लोकसभा व राज्यसभा में इस वर्ग की पीड़ा व समस्या को संसद में उठाया, तब जाकर आज बिंझिया समाज सहित 12 जनजातियों को विकास की मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष श्री रमन सिंह ने भी उपस्थितजनों को संबोधित किया। उन्होने कहा मुख्यमंत्री आपके ही बीच के, छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र हैं। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सरगुजा अंचल ने एक इतिहास रचा है, यहाँ के जनता ने विष्णु देव साय को जो आशीर्वाद दिया उसी के बदौलत आज वो प्रदेश के मुखिया बन गए है। डॉ सिंह ने कहा हमारे कार्यकाल में बिंझिया समाज सहित 12 जातियों के मात्रात्मक त्रुटि के निराकरण करने के लिए विशेष प्रयास किए थे और उसी का परिणाम रहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2022 में इन वर्गो को न्याय दिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि व अन्य नागरिक गणमान्य उपस्थित थे।



## जहां ज्यादा जरूरत हो वहां पाइपलाइन का करें विस्तार

**अंबिकापुर, 09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** नगर निगम जल कार्य प्रभारी द्वितेंद्र मिश्र ने ग्रीष्म ऋतु से पूर्व पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रहे इस बाबत विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक किया, साथ ही तकिया फिल्टर प्लांट एवं तकिया एनिकेट सम्मवेल का भ्रमण कर वस्तु स्थिति से अवगत हो भविष्य के लिए आवश्यक निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त 15 वें वित से स्वीकृत चल रहे पाइपलाइन विस्तार कार्य का भी अवलोकन किया। पाइपलाइन विस्तार कार्य के संबंध में प्रभारी द्वितेंद्र मिश्र ने विभागीय अधिकारियों व निगम कमिश्नर को जहां ज्यादा जरूरत हो वहां पाइपलाइन विस्तार करने को कहा है। ऐसे क्षेत्र में जहां नए कनेक्शन की संभावनाए कम है। बसाहट भी काफी दूर-दूर है वहां पाइपलाइन विस्तार कार्य फिलहाल रोकने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट ना हो इस बाबत आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिए हैं।

# 500 से ज्यादा पहाड़ी कोरवा बच्चियों की मदद के लिए प्रशासनिक टीम ने बढ़ाए हाथ

- आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बच्चियों के सुकन्या समृद्धि योजना में खाते खुलवाने कलेक्टर के नेतृत्व में अधिकारियों ने किया योगदान
- बच्चियों को भविष्य में शिक्षा के खर्चों में मिलेगी मदद
- 174 पीवीटीजी बसाहटों में 11 कार्यक्रमों का किया जाना है क्रियान्वयन




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 09 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले में 174 विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बहुल बसाहटों में 9 केंद्रीय मंत्रालयों को 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों का आगामी तीन साल में शत प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाना है। जिसमें संपर्क सड़कें, पेयजल की उपलब्धता, विद्युतीकरण, आवास, बैंक खाते सहित विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते खुलवाने पर चर्चा के दौरान कलेक्टर श्री विलास भोस्कर संदीपन ने कोरवा बच्चियों के खाते खुलवाने में गरीब परिवारों की मदद करने की मंशा के साथ प्रशासनिक टीम को आर्थिक मदद के लिए प्रेरित किया जिसमें बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने हाथ आगे बढ़ाए हैं। बैठक में मौजूद कलेक्टर सहित 46 अधिकारियों ने 500 से ज्यादा आर्थिक रूप से कमजोर बच्चियों की खाता खुलवाने में आर्थिक मदद की है। कलेक्टर ने कहा कि बच्चियों के परिवारों को इस योजना के लाभ और इसे नियमित रखने की पूरी जानकारी दें जिससे बच्चियों को योजना का शत प्रतिशत लाभ मिले। इस संवेदनशील पहल में सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल, एसडीएम सीतापुर श्री रवि राही, एसडीएम अम्बिकापुर श्री फागेश सिन्हा और ईई पीडब्ल्यूडी श्री वीके बेदिया ने सर्वाधिक 20-20 बच्चियों की मदद के लिए योगदान दिया।

बता दें कि सुकन्या समृद्धि योजना, वित्त मंत्रालय द्वारा विशेष रूप से बालिकाओं के लिए एक छोटी जमा योजना है। इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री द्वारा 22 जनवरी 2015 को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के एक भाग के रूप में लॉन्च किया गया था। यह योजना एक लड़की की शिक्षा के खर्च को पूरा करने के लिए है। 14 दिसंबर 2014 को भारत सरकार द्वारा अधिसूचित यह योजना माता-पिता को अपनी बेटी की भविष्य की शिक्षा के खर्चों के लिए एक फंड बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। कोई भी व्यक्ति इस योजना के तहत डाकघरों या सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और तीन निजी क्षेत्र के बैंकों एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक की शाखाओं के माध्यम से आवेदन कर सकता है। खाता बालिका के माता-पिता या कानूनी अभिभावक द्वारा खोला जा सकता है। इसके लिए बालिका की आयु 10 वर्ष से कम होनी चाहिए। एक बालिका के लिए केवल एक खाते की अनुमति है। एक परिवार केवल दो सुकन्या समृद्धि खाते खोल सकता है। न्यूनतम निवेश ? 250 प्रति वर्ष है, अधिकतम निवेश ?1,50,000 प्रति वर्ष है। इस योजना के तहत परिपक्वता अवधि 21 वर्ष है और ब्याज दर 8 प्रतिशत है।

# व्हाइट हाउस की सुरक्षा में बड़ी चूक,गेट से टकराया,एक वाहन चालक गिरफ्तार

**वॉशिंगटन,09 जनवरी 2024।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। एक प्रवक्ता ने बताया कि व्हाइट हाउस के एक गेट से आठ जनवरी को एक वाहन टकरा गया। हालांकि, हादसे में कोई नुकसान नहीं हुआ है।




घटना से सुरक्षा कर्मियों में हड़कंप मच गया। चालक को पुलिस टीम ने हिरासत में ले लिया है। फिलहाल, सीक्रेट सर्विस के अधिकारी का कहना है कि घटना के कारण और तरीके की जांच की जा रही है।

सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता एंथनी गुग्लिल्मी ने बताया कि सोमवार शाम छह बजे एक वाहन व्हाइट हाउस परिसर के बाहरी गेट से टकरा गया था। घटना की जांच की जा रही है। चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि घटना के वक्त राष्ट्रपति जो बाइडन व्हाइट हाउस में मौजूद नहीं थे। हालांकि, दुर्घटना की वजह से 15वीं स्ट्रीट और पेंसिल्वेनिया एवेन्यू पर यातायात में देरी हुई।

पहले भी सुरक्षा में लग चुकी है सेंध

इससे पहले 17 दिसंबर को, सुरक्षा कारणों से सड़क को रोकने वाली एक आधिकारिक एसयूवी में 46 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी बेज फोर्ड सेडान से टक्कर मार दी थी। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। हालांकि सुरक्षा के नजरिए से यह घटना काफी बड़ी थी, लेकिन बाइडन और उनकी पत्नी जिल को कोई नुकसान नहीं पहुंचा था। यूएस सीक्रेट सर्विस ने बाद में बताया था कि यह एक दुर्घटना थी और किसी भी तरह का हमला नहीं था। अधिकारियों ने शख्स पर शराब के नशे में गाड़ी चलाने और लापरवाही से ड्राइविंग करने के आरोप लगाए थे।

यह घटना डेलावेयर के विल्मिंगटन में हुई थी, जहां बाइडन जिल के साथ अपनी पार्टी के प्रचार अभियान केंद्र में रात्रिभोज के लिए गए थे। टक्कर तब हुई जब बाइडन इमारत से बाहर आए और प्रेस के सदस्यों से बात कर रहे थे। सुरक्षा कर्मचारियों ने तुरंत फोर्ड को घेर लिया और बाइडन को उनके आधिकारिक वाहन में बैठाकर बाहर ले गए थे।

अमेरिकी राष्ट्रपति दुनिया के सबसे हाई-प्रोफाइल और कड़ी सुरक्षा वाले व्यक्तियों में से एक हैं। उनके आसपास अमेरिका और विदेशों में हर समय एक मजबूत सुरक्षा घेरा रहता है। अमेरिकी राष्ट्रपति की आधिकारिक गाड़ी, कैडिलैक लिमोसिन, जिसे द बीस्ट कहा जाता है, अपनी जबरदस्त सेफ्टी फीचर्स के कारण मशहूर है। इसका वजन लगभग 7,000 किलो है। बता दें कि, एक टोयोटा लैंड क्रूजर का वजन लगभग 3,000 किलो होता है। द बीस्ट पंचर टायरों पर भी चल सकती है और बुलेट और बम-प्रूफ है। यह रासायनिक या जैविक हमले की स्थिति में भी कार में सवार लोगों को सुरक्षित रख सकती है।

# जेफ्री एपस्टीन ने बिल क्लिंटन और प्रिंस एंड्रयू के अश्लील वीडियो शूट किए थे,रिपोर्ट में दावा

**वॉशिंगटन, 09 जनवरी 2024।** अरबपति और वेश्यावृत्ति के आरोपी जेफ्री एपस्टीन को लेकर आए दिन नए खुलासे हो रहे हैं। अब एक महिला ने दावा किया है कि जेफ्री एपस्टीन ने कई मशहूर हस्तियों जैसे बिल क्लिंटन, ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू और मशहूर उद्योगपति रिचर्ड ब्रैनसन के अश्लील वीडियो शूट किए थे। ब्रिटिश-दक्षिण अफ्रीका मूल की महिला साराह रैनसम ने यह दावा किया है।



## डोनाल्ड ट्रंप को लेकर भी किया खुलासा

महिला ने दावा किया कि इन वीडियो में बिल क्लिंटन, प्रिंस एंड्रयू और रिचर्ड ब्रैनसन के चेहरे साफ देखे जा सकते हैं। हालांकि इन वीडियो में बड़ी चतुराई से एपस्टीन खुद को कैमरे से दूर रखने में सफल रहा था। महिला साराह रैनसम ने साल 2016 में इन दावों को लेकर अमेरिका की एक स्तंभकार को कई ईमेल किए थे। साराह ब्रैनसन ने ये भी दावा किया कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उसकी एक दोस्त के साथ एपस्टीन के न्यूयॉर्क स्थित मेंशन में कई बार शारीरिक संबंध बनाए थे। महिला ने उस वक्त इन सेक्स टेप को वायरल करने की धमकी भी दी थी। हालांकि वह बाद में स्तंभकार को अश्लील वीडियो सौंपने में नाकाम रही थी।

जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दस्तावेज हाल ही में सार्वजनिक किए गए हैं। जिनमें कई हस्तियों के नामों का खुलासा हुआ है। इनमें पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, डोनाल्ड ट्रंप के साथ ही पूर्व वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग के नाम का भी खुलासा हुआ है।

## महिला ने लगाए थे ये आरोप

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, साराह रैनसम ने बताया कि साल 2006 में जब वह 22 साल की थी तो उसे भी जेफ्री एपस्टीन की मसाज करने के बदले पैसे देने का वादा किया गया था। रैनसम ने दावा किया कि उसकी एक दोस्त ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्पति बिल क्लिंटन, प्रिंस एंड्रयू और रिचर्ड ब्रैसनन के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। इस दौरान जेफ्री एपस्टीन ने शारीरिक संबंध बनाते हुए इन सभी की अश्लील वीडियो शूट की थी।

# चलित थाना में ग्रामीणों को दी गई कानून की जानकारी



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

जनता एवं पुलिस के मध्य परस्पर सम्बन्ध स्थापित करने के उद्देश्य से एसपी सुनील शर्मा के निर्देशन में सभी ग्रामीण थाना क्षेत्रों में चलित थाना का आयोजन कर आम नागरिकों को लाभान्वित करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश कुमार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीतापुर राजेंद्र मंडावी के नेतृत्व मे थाना प्रभारी बतौली उप निरीक्षक सीपी तिवारी द्वारा थाना बतौली अंतर्गत ग्राम बासाझाल में चलित थाना का आयोजन किया गया, जिसमें तिरग, सलीयाडीह एवं आसपास के नागरिको को चलित थाना में जनजागरूकता अभियान के तहत विधिक अधिकारो के प्रति जागरूक किया गया एवं मौके पर ही कई समस्याओ का निराकरण किया गया। चलित थाना के दौरान आमनागरिकों को महिला सशक्तिकरण, बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित अपराध, साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी, यातायात के नियमों, नशे के दुष्प्रभाव आदि के बारे में विस्तार से चर्चा कर जागरूक किया गया एवं ग्राम में बाहर से आने वाले फेरी वालो, मुसाफिरों की जानकारी थाना को देने के साथ-साथ आमनागरिकों को सतर्क एवं सावधान रहने की अपील की गई, सामाजिक एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में ध्वनि विस्तारक यंत्रो को निर्धारित समय सीमा में उपयोग करने की हिदायत दी गई, चलित थाना के दौरान आमनागरिकों को जंगली हाथियों से बचने के उपाय एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। चलित थाना के दौरान ग्राम पंचायत के आमनागरिकगण, पंचायत जनप्रतिनिधि, वन विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

# हज-उमरा सम्मेलन में शामिल हुईं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी,हजयात्रियों के लिए सुविधाओं पर की चर्चा

**जेद्दा, 09 जनवरी 2024।** अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी और विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन इन दिनों सऊदी की यात्रा पर हैं। इस दौरान स्मृति ईरानी ने मंगलवार को तीसरे हज और उमरा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लिया। इसके साथ ही उन्होंने मक्का क्षेत्र के उप राज्यपाल और हज और उमरा मंत्री के साथ बेहतर सहयोग के लिए आगे की संभावनाओं पर चर्चा की। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन भी मौजूद रहे।




अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में इसकी जानकारी दी। बयान में बताया गया कि उमरा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं पर विचारों और सूचनाओं का आदान-प्रदान हुआ। यह भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए हज अनुभव को बेहतर बनाने में उपयोगी साबित होगी। बयान में यह भी कहा गया कि हज 2024 के दौरान भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं और सेवाओं में सुधार के साथ ही करीबी सहयोग की गुंजाइश पर मक्का क्षेत्र के उप राज्यपाल और हज और उमरा मंत्री के साथ भी चर्चा हुई।

## स्मृति ईरानी ने किया पोस्ट

अपनी यात्रा को लेकर अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी ने भी अक्स पर पोस्ट किया। इसमें उन्होंने सऊदी हज और उमरा मामलों के मंत्रालय का आमंत्रण के लिए आभार जताया। साथ ही लिखा कि मक्का क्षेत्र के उप-गवर्नर एचआरएच प्रिंस सऊद बिन मिशाल बिन अब्दुलअजीज अल सऊद के साथ एक व्यावहारिक बैठक की। इस दौरान, हज 2024 के दौरान भारतीय हज यात्रियों के लिए सुविधाओं और सेवाओं को बढ़ाने पर चर्चा की गई।

इससे पहले, स्मृति ईरानी ने सोमवार को इस्लाम के सबसे पवित्र शहरों में से एक मदीना शहर की भी यात्रा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, टसऊदी अधिकारियों के सहयोग से आज मदीना में पैगंबर की अल मस्जिद अल नबवी, उहुद पर्वत और इस्लाम की पहली क्यूबा मस्जिद के बाहरी क्षेत्र की यात्रा की। ये सभी स्थान इस्लामी इतिहास के प्रारंभिक चरण से जुड़े हुए हैं, जो हमारे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जुड़ाव की गहराई को रेखांकित करते हैं।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर के अंदर से ही बन गया है सार्वजनिक मार्ग

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कई एंट्री गेट के खुले रहने से जहां अस्पताल पूरी तरह से असुरक्षित हो चुका है वही अस्पताल परिसर के अंदर से ही अस्पताल के पीछे रहने वाले मोहल्ले के लोगों ने सार्वजनिक मार्ग बना लिया है। ऐसे में पीछे की ओर से आने वाली वाहनों से दुर्घटनाओं का भयभीत बन चुका है। नियम के अनुसार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक ही एंट्री गेट होना चाहिए परंतु यह कई गेट खोल दिए जाने से समस्या बढ़ गई है।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वर्तमान में चार एंट्री गेट खोल कर रखे गए हैं। वहीं दूसरी ओर अस्पताल के पीछे के मोहल्ले भट्ठापारा की ओर से लोग अस्पताल परिसर को ही सार्वजनिक मार्ग बनाकर इन्हीं एंट्री गेट के सहारे से अंदर बाहर निकलने का काम कर रहे हैं। जिस तरह से पीछे की ओर से वाहनों का आवागमन भी पूरे दिन होते रहता है ऐसे में अस्पताल में उमडने वाली मरीजों की भीड़ के बीच भए का वातावरण भी बना हुआ है। काफी दिनों से अस्पताल के दवा वितरण की ओर से जो एंट्री गेट है उसे बंद करके रखा गया था जिससे वाहन चोरी को भी लगाम लगा था परंतु गत दिनों नवनिर्वाचित विधायकों द्वारा निरीक्षण के बाद अचानक वह द्वार खोल दिया गया। आलम यह है कि अब उक्त एंट्री गेट से ज्यादातर आवागमन पीछे के मोहल्ले वाले कर रहे हैं। इससे असामाजिक गतिविधि भी बढ़ाना शुरू हो गई है। हालांकि एंट्री गेट को खोलने से मरीज को कोई खास लाभ नहीं मिल पा रहा है। दूसरी ओर सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नियम के अनुसार एक ही एंट्री गेट होना चाहिए जिससे व्यापक रूप से सुरक्षा भी होती है। पीछे के मोहल्ले की तरफ जो रास्ता है उसे बंद करवाया गया था परंतु वर्तमान में अस्पताल के एक और एंट्री गेट को खोल देने से समस्या जो आ रही है उसे पर जल्दी ही कार्रवाई की जाएगी।



# सीएम की मौजूदगी में पत्रकार पर हमला,दुर्भाग्यजनक : राजेश दुबे

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

भाजपा के अंबिकापुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री के सामने पत्रकारवार्ता के लिए आए पत्रकारों में से एक पत्रकार के साथ भाजपा नेता द्वारा मारपीट की घटना पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधिविभाग के महामंत्री एवं सरगुजा संभाग के प्रभारी राजेश दुबे अधिवक्ता ने कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि भाजपा का असली चेहरा उजागर हो रहा है,राजेश दुबे ने कहा कि पत्रकार, देश के चौथे स्तंभ के रूप में जाने जाते हैं,पत्रकार भय, अर्थ की परवाह किए बगैर आमजनता की आवाज बनते हैं । मुख्यमंत्री की सभा में जहां सर्वोच्च सुरक्षा की व्यवस्था होती है, और मुख्यमंत्री के मौजूदगी में यदि वहां भी पत्रकार असुरक्षित हो जाएं उनपर सत्ता पक्ष ही हमला कर दे तो इससे दुर्भाग्यजनक स्थिति हो ही नहीं सकती ऐसे में आमजनता सुरक्षित कैसे महसूस कर सकती है। राजेश दुबे ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के सभा में काला स्वेटर,कला जैकेट काला कपड़ा पहने लोगों को सभा में शामिल नहीं करने का तुगलकी फरमान के फलस्वरूप काला कपड़ा पहने कार्यकर्ताओं को कपड़ा उतारने अथवा वापस लौटने को मजबूर किया गया,यही भाजपा का असली चरित्र है।



# हम रहें या ना रहें पर बौद्धिक सम्पदा हमेशा रहेगी : डॉ. एसके त्रिपाठी

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

बौद्धिक सम्पदा अधिकार एवं अनुसंधान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन पीजी कॉलेज में किया गया। आईक्यूएसी सेल तथा विधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट एण्ड इनोवेशन विषय पर आयोजित कार्यशाला के प्रथम दिन मंगलवार को मुख्य अतिथि डॉ. एसके त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य एवं क्षेत्रीय अपर संचालक उच्च शिक्षा उपस्थित थे। इस दौरान



डॉ. एसके त्रिपाठी ने कहा कि आज के युग में बौद्धिक संपदा का महत्व बहुत बढ़ गया है तथा यह संपदा ऐसी संपदा है जिसे हम अपनी आगे आने वाली पीढ़ी को सौंप सकते हैं। क्योंकि हम रहें या ना रहें पर बौद्धिक सम्पदा हमेशा रहेगी। शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्र ने आज के परिप्रेक्ष्य में बौद्धिक अधिकार की भूमिका बताते हुए कहा कि बौद्धिक संपदा सबसे मूल्यवान संपत्ति है क्योंकि यह मानवीय विकास को गति देने वाले तकनीकी नवाचार को पुरस्कृत करती है। पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने वैश्विक स्तर पर बौद्धिक सम्पदा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेटेंट औद्योगिक डिजाइन कॉपीराइट ट्रेडमार्क तथा भौगोलिक संकेतक ऐसे आयाम है जो बौद्धिक संपदा के प्रकारों में जाने जाते हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में कार्यशाला के विषय विशेषज्ञ डॉ. राजू मांझी बीएचयू, डॉ. सुधीर चतुर्वेदी गढ़वाल विश्वविद्यालय,डॉ. राघवेश पाण्डेय बालोद, राजमोहिनी देवी कन्या पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. खालिद हुसैन, महाविद्यालय के आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अनिल सिन्हा, स्वशासी सेल के डॉ. राजकमल मिश्र, डॉ. एसके श्रीवास्तव, डॉ रमेश जायसवाल, प्रो. बृजेश कुमार, डॉ. एसएन पाण्डेय मंचस्थ थे। कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ डॉक्टर राजू मांझी प्राध्यापक विधि संकाय काशी हिंदू विश्वविद्यालय ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार का प्रतिलिप्याधिकार (कॉपीराईट) के विशेष संदर्भ में व्याख्यान प्रस्तुत किया। विधि विभाग के प्राध्यापक माधवेंद्र तिवारी ने विषय विशेषज्ञ का स्वागत किया एवं परिचय कराया। संचालन डॉक्टर दीपक सिंह एवं रिपोर्टिंग डॉक्टर तरुण राय ने की। ब्लैंडेड मोड पर आधारित इस कार्यशाला में लगभग डेढ़ सौ प्राध्यापक, शोध छात्र एवं स्नातकोत्तर छात्र देश के विभिन्न क्षेत्रों से ऑनलाइन भी जुड़े हुए थे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

दश्कर्म कार्यक्रम से वापस आ रहे एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना जयनगर क्षेत्र की है। दुर्घटना में घायल मोटरसाइकिल सवार की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार सिलफिली निवासी बृज उर्फ बृजलाल सिंह पिता रामबरन उम्र 40 वर्ष कल शाम 6 बजे ग्राम नगोई दश्कर्म कार्यक्रम में मोटरसाइकिल से गया था। वापस आते दौरान जयनगर के आगे पुलिया के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बिश्रामपुर अस्पताल से उसे सूरजपुर ले जाया गया था जहां से रेफर करने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# व्यावसायिक वाहनों से मंडी कर्मचारियों की अवैध उगाही की शिकायत कृषि मंत्री से

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा व्यावसायिक वाहनों की चेकिंग के नाम अवैध उगाही किए जाने की शिकायत चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से की है। ज्ञापन के माध्यम से कृषि मंत्री को अवगत कराया गया है कि व्यापारियों के मालवाहक गाडियों से प्रशासन के अधिकारियों द्वारा अपने अधिकारों का गलत प्रयोग कर अवैध वसूली कर परेशान किया जा रहा है। 7 जनवरी को वाहन क्रमांक एमपी 21 एच 1817 सरगुजा किराना व्यापारियों का माल कटनी से अंबिकापुर आ रहा था। मनेन्द्रगढ़ में मंडी अधिकारी द्वारा वाहन रोका गया और ड्राइवर को डरा धमका कर अवैध वसूली की गई। अवैध वसूली के पश्चात गाड़ी को छोड़ा गया। चेंबर ऑफ कामर्स ने बताया कि ग्रामीण अंचल के छोटे व्यापारियों का माल भेजते है तो रास्ते के नाका एवं थाना में रोक कर जीएसटी बिल मांगना एवं माल चेक करने के नाम पर अनावश्यक परेशान कर अवैध वसूली किया जा रहा है। शिकायत पर कृषि मंत्री ने तत्काल ही सम्बंधित अधिकारी से बात कर इस तरह की शिकायत दुबारा नहीं मिलने की समझाइश दी। ज्ञापन सौंपने में किराना मर्चेंट एसोसिएशन अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव अश्विनीलाल गर्ग, छत्तीसगढ़ चैम्बर सरगुजा जिला अध्यक्ष अजीत अग्रवाल,कैट से रविंद्र तिवारी और मुकेश अग्रवाल उपस्थित थे।



# नागपुर हॉल्ट-चिरमिरी नई रेल लाइन की छ.ग.शासन की अंश राशि शीघ्र स्वीकृति हेतु मुख्यमंत्री से अनुरोध

### रेल लाइन के प्रारंभ नहीं होने से अंचल के 2 लाख निवासी प्रभावित

इस रेल लाइन के प्रारंभ नहीं होने से इस अंचल के ऐसे 2 लाख निवासी प्रभावित हो रहे हैं, जिन्होंने अपने परिश्रम से इस देश के विकास में आवश्यक रेल पहियों को चलने के लिए सन् 1928 से अपनी जमीन से निकालकर कोयला दिया था। वर्तमान में रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत 17 कि. मी. की यह नई रेल लाईन पिछ्ली सरकार द्वारा रेल मंत्रालय एवं छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा किए गए एम ओ यू के आधार पर कुल लगभग 241 करोड़ लागत की 50 प्रतिशत राशि अर्थात लगभग 121 करोड़ छ.ग. द्वारा रेलवे को नहीं देने के कारण अब तक इस रेल लाइन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है, संबोधन संस्था के द्वारा इस रेल लाईन की स्थिति हेतु लगातार पत्राचार किए जा रहे प्रयास के अंतर्गत रेल निर्माण विभाग द्वारा स्पष्ट लिखा है कि इस विशेष रेल लाइन सेवा को राज्य शासन की राशि नहीं मिलने के कारण स्थगित कर दिया गया है जो शासन द्वारा राशि देने की तिथि घोषित होने पर प्राथमिकता के तौर पर पुनः प्रारंभ कर दी जाएगी, माननीय मुख्यमंत्री महोदय से अनुरोध है की शीघ्र उक्त छत्तीसगढ़ शासन की अंश राशि लगभग 21 121 करोड़ शीघ्र आवंटित करने का कष्ट करें ताकि इसका निर्माण प्राथमिकता के तौर पर रेल मंत्रालय के द्वारा प्रारंभ किया जा सके, इस संबंध में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री एवं अंचल के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने भी इस रेल लाइन के अंश राशि देने हेतु आपसे अनुरोध किया है।



**-संवाददाता-**
**मनेन्द्रगढ़,09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

ब्रिटिश काल में द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व स्वीकृत चिरमिरी- बरवाडीह रेल लाइन का एक हिस्सा नागपुर हॉल्ट-चिरमिरी नई रेल लाइन काफी प्रयासों के बाद 2018 में स्वीकृत होने के बाद भी सत्ता परिवर्तन की भेंट चढ़ गया, संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान के अध्यक्ष अनिल जैन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि संबोधन संस्था द्वारा विगत 13 वर्षों से रेल परियोजना से जुड़े पदाधिकारियों से लगातार 40 पत्रों के पत्राचार के बाद काफी कठिन प्रयासों से इस रेल लाइन को स्वीकृति मिल पाई है, किन्तु अब तक रेल निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो पाना, अंचल के निवासियों को चिंतित कर रहा है।

### रेल लाइन से रेल विकास तथा रोजगार के नए द्वार खोलेगी

संबोधन विचार मंच के विभागाध्यक्ष बीरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया की एक लंबे समय से इस इस रेल लाइन की स्वीकृति रिटर्न आफ रेव्न्यू (आरओआर) राजस्व की वापसी 08 से कम होने के कारण बिना राज्य सरकार के सहयोग के बिना इस रेल लाइन का बनना संभव नहीं था, संस्था द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित पत्र द्वारा जुलाई 2018 में इस रेल लाइन की आवश्यकता एवं महत्व की चिंता से अवगत कराया गया था, इस चिंता को गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निर्माण खर्च के आधी आधी राशि सहयोग के आधार पर इस नई रेल लाइन को स्वीकृति प्रदान की गई, जो अब तक प्रारंभ हो जानी चाहिए थी, किंतु विकास के लिए हजारों करोड़ का बजट बनाने वाली पिछ्ली सरकार ने मात्र 121 करोड़ के लिए इस अंचल के रेल विकास को रोक दिया, यह रेल लाइन लाइन भविष्य में जुड़ने वाली चिरमिरी-बरवाडीह रेल लाइन से जुड़कर मुंबई एवं कोलकाता महानगरों को जोड़ने वाली 400 किलोमीटर सबसे छोटी रेल लाइन होगी, जिसका फायदा इस अंचल को मिलेगा एवं छत्तीसगढ़ के इस आदिवासी मध्य भाग के व्यापार की संभावनाएं बढ़ेगी, जो नए रोजगारों को भी बढ़ावा देगी, रेलवे इंजीनियर के द्वारा सर्वे के दौरान व्यक्त विचारों में उन्होंने अंचल के विकास में इस रेल लाइन के योगदान को इस अंचल के विकास की भावी जीवन रेखा कहा है, संबोधन संस्था ने अपने पत्र में विश्वास व्यक्त किया है कि आदिवासी अंचल के विकास हेतु प्रतिबद्ध माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इस नई रेल लाइन हेतु लगभग 121 करोड़ की राशि स्वीकृत कर नए रेल लाइन निर्माण को गति प्रदान करेंगे संस्था का यह भी मानना है की नई रेल लाइन निर्माण रुक जाने का यह संवेदनात्मक पहलू अब जन जन तक फैल चुका है, जिससे अंचल के निवासी दुखित है और इसका प्रभाव आगामी लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिल सकता है आज जब मनेन्द्रगढ़ एवं चिरमिरी अंचल को आर्थिक संबल देने वाली संपत्ति कोयला समाप्ति के कगार पर है, ऐसे समय में इस अंचल के निवासियों को स्थायित्व एवं पुनर्जीवन देने हेतु यह रेल सुविधा भावी जीवन रेखा साबित होगी और रेल विकास तथा रोजगार के नए द्वार खोलेगी।

## बस और वैन में टक्कर,वैन चालक हुआ घायल






**-संवाददाता-**
**सीतापुर,09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

बच्चों को लेने जा रही स्कूल वैन एवं बस में टक्कर हो गई। जिससे स्कूल वैन चला रहा चालक घायल हो गया। गनीमत रही की वैन में बच्चे सवार नही थे। इस घटना के बाद दोनों पक्षो में समझौता हो गया।जिसकी वजह से इस मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज नही कराई गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार निजी स्कूल की वैन बच्चों को लेने गाँव जा रही थी। तभी चैनपुर के पास सामने से आ रही सवारी बस से उसकी भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में वैन का चालक घायल हो गया। वही स्कूल वैन का सामने का हिस्सा काफी हद तक क्षतिग्रस्त हो गया है। जबकि बस का भी चालक की ओर वाला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। गनीमत थी कि स्कूल वैन में स्कूली बच्चे सवार नही थे। वरना यह दुर्घटना जानलेवा साबित हो सकती थी। इस दुर्घटना के बाद दोनों पक्षो ने आपस मे समझौता कर लिया। जिसकी वजह से इस मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज नही कराई गई है।

## राममय हुआ रनई गांव..जमींदार परिवार सहित ग्रामवासियों ने बांटा अयोध्या में श्री राम के विराजने का आमंत्रण

**-संवाददाता-**
**बैकुंठपुर,09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

कोरिया जिले के रनई गांव में जमींदार परिवार के विकास शुक्ला के नेतृत्व में शशि प्रकाश जायसवाल एवं निलेश पाण्डेय के निर्देशन में विकाश साहू सहित सभी साथियों के अथक परिश्रम से रनई ग्राम के प्रत्येक परिवार में अयोध्या से आए पूजित अक्षत द्वारा निमंत्रण देने का कार्य ढोल नगाड़े और पटाखे फोड़ते हुए पूरे जोश और उत्साह के साथ जय श्री राम के गगनभेदी नारों से गुंजायमान करते हुए किया गया। बता दें की 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन है जिसमे स्वयं प्रधानमंत्री शामिल होने पहुंच रहे हैं वहीं उन्होंने खुद आहवान किया है की उक्त दिवस



सभी देशवासी अपने घरों में ही दीप प्रज्वलित करें और दीपावली की ही तरह उक्त दिवस उत्सव मनाए ,इसी क्रम में रनई ग्राम में भी उत्सव की तैयारी जमीदार परिवार के विकास शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। रनई ग्राम हिंदू आस्था के लिए समर्पित गांव हमेशा से रहा है वहीं जमीदार परिवार का भी हिन्दू आस्था के प्रति गहरा लगाव हमेशा से रहा है और उसी क्रम में जमीदार परिवार की सक्रियता नजर आ रही है। जमीदार परिवार के विकास शुक्ला के साथ इस पुनीत कार्य में राम प्रताप साहू, रोहित साहू, महेंद्र साहू, रोहित दुबे, शौर्य कौशिक, श्याम लाल राजवाड़े, नवीन जायसवाल, अमन पटेल, राहुल साहू ,अमन साहू, आलोक साहू, आकाश साहू, अविनाश साहू, आशीष साहू, मनीष साहू, विष्णु साहू, अशोक साहू, आयुष (लड्डू) साहू, छोटा नाविक सहित समस्त ग्रामवासी का सहयोग रहा।

## अरे ये क्या..! मंच पर तो माननीयों ने भी पहन रखे थे काले जैकेट



**-संवाददाता-**
**अंबिकापुर 09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद पहली बार अंबिकापुर दौरे पर आए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कार्यक्रम में अंबिकापुर के एक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार के साथ मारपीट की घटना की सर्वत्र निंदा हो रही है। बताया जा रहा है कि एक जिम्मेदार भाजपा पदाधिकारी ने माफी भी मांगी है। बाजू जिले के पत्रकारों ने भी इस घटना को लेकर न सिर्फ भाजपा के कार्यकर्ताओं बल्कि अधिकारियों पर भी नाराजगी जाहिर की है। प्रथम दौरे पर आए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कानून व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी इस घटना को हल्के में ले रहे हैं। किंतु यह घटना भविष्य के लिए चिंतनीय है। न सिर्फ इस घटना को लेकर बल्कि मीडिया कर्मियों के काले जैकेट को उतार कर अंदर प्रवेश करने के मामले को लेकर भी नाराजगी है। क्या कोई काला लिबास नहीं पहन सकता यह कैसा लोकतंत्र है, जहां रंगों को लेकर आपत्ति की जा रही है। क्या संविधान में लिखा है कि कोई व्यक्ति मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री की सभा में काला कपड़ा पहन कर नहीं आ सकता। लोकतंत्र में कैसा डर है भाई...कि कोई काला जैकेट या कालाकोट या काला कुर्ता पहन के पहुंचता है तो इसे विरोध करना ही माना जाएगा। मुख्यमंत्री की सभा में कल मीडिया कर्मियों से पुलिसकर्मियों ने जैकेट उतरने तक कह दिया। बीच-बचाव के बाद मीडिया कर्मी अंदर तो प्रवेश कर गए पर यह घटना भी चिंता की बात है। हम यहां बताना चाहेंगे यदि काले लिबास से इतना ही खौफिया डर है तो मंच पर स्वयं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय काला जैकेट पहनकर लोगों का अभिवादन कर रहे थे। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित कई पदाधिकारी काला जैकेट पहने हुए थे। ऐसे में यह माननीय किसका विरोध करने सभा में आए थे यह भी प्रश्न खड़ा हो सकता है? यह परिपाटी बंद होनी चाहिए कि कोई काला कपड़ा पहना है तो उसे सभा स्थल पर जाने की अनुमति नहीं रहेगी।

## कल से 7 दिन के लिए बंद रहेंगी दर्जनभर ट्रेनें

### अनूपपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टीविटी के लिए प्री-एनआई व एनआई का कराया जाएगा काम,7 दिन तक ट्रेनों का परिचालन बंद रहने से यात्रियों को होगी परेशानी

**-संवाददाता-**
**बैकुण्ठपुर 09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

अनूपपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्री एनआई व एनआई कार्य कराने के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की कई ट्रेनों की सेवाएं बंद की गई हैं। 10 जनवरी से चिरमिरी से चलने वाली आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें 7 दिन तक बंद रहेंगी। ट्रेनों का परिचालन बंद रहने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल द्वारा अधोसंरचना विकास कार्य कराए जा रहे हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के तहत अनूपपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्री एनआई व एनआई का कार्य किया जाएगा। ऐसे में कई यात्री गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। सप्ताहभर एक साथ दर्जनभर ट्रेनों की सेवाएं बंद होने से यात्रियों को परेशानी होगी। हालांकि चिरमिरी-अनूपपुर पैसेंजर



स्पेशल और चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस अप एंड डाउन 3-3 दिन बंद रहेंगी।

### ये ट्रेनें रहेंगी रद्द

- 10 से 16 जनवरी तक गाड़ी संख्या 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल
- 10 से 16 जनवरी तक गाड़ी संख्या 08270 चंदिया रोड-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल
- 11, 13 व 16 जनवरी को गाड़ी संख्या 05755 चिरमिरी-अनूपपुर पैसेंजर स्पेशल
- 11, 13 व 16 जनवरी को गाड़ी संख्या 05756 अनूपपुर-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल
- 10, 12 व 15 जनवरी को गाड़ी संख्या 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस
- 11, 13 व 16 जनवरी को गाड़ी संख्या 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस
- 9 से 16 जनवरी तक गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस
- 10 से 17 जनवरी तक गाड़ी संख्या 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस
- 9 से 15 जनवरी तक गाड़ी संख्या 18257 बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस
- 10 से 16 जनवरी तक गाड़ी संख्या 18258 चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस




### ये गाडियां रास्ते में समाप्त और प्रारंभ होंगी

10 से 16 जनवरी तक अम्बिकापुर से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 08750 अंबिकापुर-शहडोल मेमू पैसेंजर स्पेशल अनूपपुर स्टेशन में समाप्त होगी, जो अनूपपुर-शहडोल के मध्य रद्द रहेगी। वहीं 10 से 16 जनवरी तक शहडोल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08749 शहडोल-अंबिकापुर मेमू पैसेंजर स्पेशल अनूपपुर से प्रारंभ होगी, जो शहडोल-अनूपपुर के मध्य रद्द रहेगी।

## नारी सशक्तिकरण का महाकुंभ ब्राइडल शो 15 को,शामिल होंगी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

**-संवाददाता-**
**अंबिकापुर 09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**



टचवुड वूमेन एंपावरमेंट आर्गेनाइजेशन की ओर से छत्तीसगढ़ ब्राइडल शो नारी सशक्तिकरण सम्मान समारोह 15 जनवरी को शहर के मनेंद्रगढ़ रोड स्थित राजमोहनी भवन में होने जा रहा है। जिसमें नारी सशक्तिकरण का कई रूप देखने को मिलेगा। इस समारोह में प्रदेश की महिला बाल विकास की समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हो रही हैं। वहीं अन्य अतिथि के रूप में सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव रहेंगे। टच वुड वूमेन एम्पावरमेंट आर्गेनाइजेशन की तरफ से सरगुजा संभाग में अच्छा कार्य करने वाली संस्था और लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। पूरे आयोजन की जानकारी देते हुए आयोजक टीम की प्रमुख रानी गुप्ता ने बताया कि नारी सशक्तिकरण समान जिन्हें मिलेगा उन्हें सरगुजिहा कोहिनूर सम्मान के लिए आमंत्रित किया गया है।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ ट्राइब कम्युनिटी के लिए एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जा रहा है, जिस तरह से छत्तीसगढ़ ट्राइब लोग नेचर के साथ अपना सामंजस्य बनाकर जीवन यापन करते हैं। ठीक उसी तरह रैंप वाक करने वाली सभी ब्राइड्स कुछ न कुछ नेचुरल ज्वेलरी के साथ रैंप वाक में उतरेंगी। उन्होंने बताया कि इसे हम गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाने प्रयासरत हैं। यह छत्तीसगढ़ ट्राइब कम्युनिटी को आगे लाने के लिए और उन्हें बिजनेस में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा। इस आर्गेनाइजेशन के तहत सात साल में कई छोटे बड़े एजुकेशनल सेमिनार, सम्मान समारोह और क्लासेस आयोजित किए गए हैं। उन्होंने बताया यह आर्गेनाइजेशन सात साल से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्यरत है। उन्होंने बताया कि सभी महिलाएं जो रैंप वाक में भाग ले रही हैं उनको एक-एक हजार का गुड्डी बैग दिया जाएगा, जिसके अंदर प्रोडक्ट होंगे। साथ ही दर्शकों को 300 रु से 500 रु तक का गिफ्ट हैंपर मिलेगा। महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम में महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग लें इसके लिए पूरे दर्शकों को और रैंप वाक करने वाली बच्चियों को प्रोत्साहित करने के लिए करीब ढाई लाख के गिफ्ट हैंपर भी दिए जाएंगे। महिलाओं के इस कार्यक्रम में सुरक्षा के लिए बाउंसर भी बाहर से बुलाए जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री साय की पहल से दो मरीजों का निःशुल्क इलाज हुआ शुरू

## क्लब फुट की बीमारी से जुझ रहा है पांच साल का मासूम दिगंबर यादव, घुटना के आपरेशन के लिए संजय ताम्रकार ने मांगी थी सहायता



### मुख्यमंत्री ने कहा पूरा छत्तीसगढ़ मेरा परिवार,ख्याल रखना मेरी जिम्मेदारी





-संवाददाता-
जशपुरनगर,09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से,गंभीर बीमारी से जुझ रहे लोगों को उपचार में लगातार सहायता मिल रही है। फुट क्लब की बीमारी से जूझ रहे मासूम दिगंबर यादव और संजय ताम्रकार का रायपुर के मेडिकल कॉलेज में उपचार शुरू कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार 5 साल के दिगंबर यादव के माता पिता ने एक सप्ताह पहले,बगिया स्थित सीएम निवास में दिगंबर के इलाज में सहायता की उम्मीद लिए पहुंचे थे। वहां उन्होंने बताया कि क्लब फुट के कारण दिगंबर को चलने फिरने में काफी परेशानी होती है। इस बीमारी के इलाज के लिए वे सालों से भटक रहें हैं। जिससे,उनका बहुत रूपया खर्च हो चुका है। वहीं संजय ताम्रकार एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। दुर्घटना में उनके एक पैर का घुटना टूट गया था। उपचार कराया लेकिन घुटने का जुड़ाव सही ना हो पाने के कारण उनकी समस्या बढ़ गई। रायपुर के एक नीजि चिकित्सालय में जांच कराने में चिकित्सक ने घुटने का आपरेशन कराने की सलाह दी है और इसका खर्च 1 लाख रूपये बताया है। प्रार्थी के अनुसार संबंधित अस्पताल में आयुष्मान कार्ड भी मान्य नहीं किया जाता है। संजय ताम्रकार ने मुख्यमंत्री साय से उपचार में आर्थिक सहायता देने की प्रार्थना की थी। दोनों मरीजों के उपचार के लिए,मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर रायपुर के मेडिकल कॉलेज में व्यवस्था की गई है। दिगंबर यादव का जांच के बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों ने पैर में प्लास्टर बांध कर दवा दिया गया है। दिगंबर के स्वजनों को चिकित्सकों ने 15 दिन बाद फिर से जांच के लिए अस्पताल बुलवाया है। उपचार शुरू होने से दोनों मरीजों के स्वजनों को बीमारी से राहत की उम्मीद बढ़ गई है। इसके लिए उन्होनें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल का आभार जताया है।

### छत्तीसगढ़वासी मेरा परिवार,देखाभाल की जिम्मेदारी मेरी...

इंटरनेट मिडिया एक्स में फुट क्लब की बीमारी से जुझ रहे मासूम दिगंबर की समस्या का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक में पूरे छत्तीसगढ़ को अपना परिवार बताया है। इस पोस्ट में उन्होनें कहा कि प्रदेश का मुखिया होने के नाते इस परिवार की देखभाल करना मेरी जिम्मेदारी है। उल्लेखनिय है कि बीते वर्ष दिसंबर माह में विधानसभा चुनाव के परिणाम और मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय का नाम घोषित होने के बाद से जिले के कांसाबेल ब्लाक का बगिया गांव बीमारी से जुझ रहे लोगों की उम्मीद का केन्द्र बन गया है। बीते एक माह के दौरान बगिया में उपचार एंबुलेंस और शव वाहन उपलब्ध कराने के लिए 50 से अधिक काल दर्ज किया जा चुका है। इन सभी जरूरतमंदों को,मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से सहायता उपलब्ध कराया गया है।

# स्व.बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में सुविधाओं की कमी से मरीज हो रहे परेशान



-संवाददाता-
कोरबा,09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय पूर्व में 100 बिस्तर का अस्पताल था जिसे समय समय पर मरीजो की आवश्यकता अनुरूप बढ़ाया गया,अभी वर्तमान में जिला अस्पताल में बिस्तर की संख्या 357 हैं और मरीज की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है रोज एक्सरे 120 और सोनोग्राफी 40 से 45 मरीजो का किया जा रहा है ओपीडी में प्रतिदिन 600 से 700 मरीजो का सफल उपचार किया जा रहा है । मरीजो की संख्या में इजाफा होने से ट्रामा सेंटर को भी उपयोग में लिया गया है जिसमे अभी भूतल में 2 कमरों को और पहले फ्लोर में बच्चो के लिए वार्ड तैयार किये गए है।

महिला मरीजो की संख्या में इजाफा होने और सीमित संसाधन होने से लेबर रूम में भी भीड़ देखने को मिल रही है गर्भवती महिलाओं के लिए अलग से रूम की व्यवस्था करने के लिए अस्पताल प्रबंधन को जूझना पड़ रहा है रूम नही होने की वजह से गैलरी में बिस्तर लगा कर उपचार करने की मजबूरी बन गयी है, समय समय पर एक बिस्तर में दो मरीज को रख कर इलाज किया जाता है ।

कोरबा जिला जहाँ लगभग लाखो लोग निवासरत है। वही स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर जगह जगह में बनाये गए उप स्वास्थ्य केंद्र महज हांथी का दांत साबित हो रहा है। जिले में उप स्वास्थ्य केंद्र है किंतु गिनती के ही अस्पतालों में ओपीडी का खाता खुलता है। या यूं कहे की उप स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों का इलाज नही हो रहा है, जिससे मरीज जिला अस्पताल का रुख करने लगे है। जिला अस्पताल में बिस्तर और मरीजो की संख्या में इजाफा होने की वजह से व्हीलचेयर और स्ट्रेचर की कमी से भी जिला अस्पताल जूझ रहा है संसाधन सीमित है, जिस वजह से मरीजो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । भीड़ कम करने के लिए अस्पताल प्रबंधन को 2 एक्सरे मशीन डिजिटल के संचालन (वर्तमान में 1 डिजिटल और एक मैनुअली मशीन है) और 2 सोनोग्राफी मशीन का संचालन की आवश्यकता है जिससे मशीनों पर दबाव कम हो सके और मरीजो को लंबी कतार से मुक्ति मिल सके, अभी वर्तमान में जिला अस्पताल में मरीजो को सिटी-स्कैन की सुविधा नही मिल पा रही है इसके लिए अभी जिला अस्पताल प्रबंधक ने दो जगहों से मरीजो को निःशुल्क आने जाने की सुविधा के साथ सीटी-स्कैन की सुविधाएं उपलब्ध कराई है जिससे मरीजो का सफल उपचार किया जा रहा हैं । वर्तमान में जिला अस्पताल स्टॉफ की कमी से जूझ रहा है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में स्टॉफ नर्स, वार्ड बॉय,तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी के पद सालों से रिक्त है । इन पदों की भर्ती जल्द हो जाती तो मरीजो को असुविधा का सामना नही करना पड़ता । स्टॉफ की कमी से मरीजो का इलाज कही न कही प्रभावित हो रहा है । अधिकरी भी इस बात को दबी जुबान स्वीकार कर रहे।

# जंगल खोदो और सड़क बनाओ के तर्ज पर हुए निर्माण कार्यों की जांच के मांग के बाद भी नहीं हुई जांच

-राजा मुखर्जी-
कोरबा,09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
जिले के कोरबा वन मंडल के बालको वन क्षेत्र अंतर्गत दूधीटाँगर से फुटका पहाड़ के मध्य 14 किलोमीटर डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण के मामले में हुई शिकायत के बाद भी नहीं की गई जांच। वहीं संबंधित भाजपा नेता सह ठेकेदार के साथ मिलीभगत कर रेंजर से लेकर एसडीओ और वन विभाग के अधिकारी खेल कर रहे हैं। तत्कालीन डीएफओ प्रियंका पांडेय ने इस ओर से नजरें घुमा रखी तो वर्तमान नव पदस्थ डीएफओ को अधीनस्थ अधिकारी और कर्मी गुमराह करने से बाज नहीं आ रहे। जंगल से ही मिट्टी, मुरूम और छोटे-बड़े पत्थर खोद कर सड़क के निर्माण में बेधड़क लगाया जा रहा है। दिखावे के लिए कुछ स्थानों पर गिट्टियों के ढेर जरूर खड़े किए गए हैं लेकिन काम की हकीकत लीपापोती में दिखती है।



### ग्रामीणों को नहीं मिला रोजगार

फुटका पहाड़ से बेला तक की सड़क ग्राम पंचायत बेला का हिस्सा है। इस कार्य का 60 फीसदी काम मशीन से किया जाना था, जबकि 40 फीसदी काम के लिए मजदूर लगाए जाने थे। मजदूरों से सड़क पर मुरुम को बिछवाया जाना था लेकिन वन विभाग ने पूरा काम मशीन से करा दिया और किसी भी ग्रामीण को रोजगार नहीं मिला।

### जरूरी कार्यों के लिए फण्ड का रोना, उधर बेवजह खर्च

जिले में अनेक जरूरी कार्यों के लिए विभागीय अधिकारी फण्ड नहीं होने का रोना रोते हैं और अनेक जरूरी विकास कार्य ठप्प हैं। जरूरी कार्यों को छोड़कर बिना कोई ठोस कार्ययोजना/क्रियान्वयन की रूपरेखा बनाये बगैर ही डीएमएफ के करोड़ों रुपये खर्च किये जा रहे हैं। सिर्फ इसलिए कि चहेते ठेकेदारों को काम देना है,इसका कमीशन लेना है। इसके बाद गुणवत्ता/उपयोगिता से कोई मतलब नहीं। जिले में बदहाल अनेक सरकारी स्कूल,सैकड़ों आंगनबाड़ी केंद्र,पुलिस कर्मियों की जर्जर आवासीय कालोनी सिटी कोतवाली, विभागों के सरकारी आवास,खदान प्रभावित भूविस्थापितों के लिए मद से होने वाले कार्य से लेकर जिले के विकास में डीएमएफ की राशि का सदुपयोग हो सकता है, लेकिन इनके लिए सालों-साल से स्वीकृति का इंतजार ही हो रहा है। डीएमएफ के साथ-साथ विभागीय राशि की बंदरबांट कोरबा जिले में जमकर हो रही है और खर्च की अपेक्षा काम/विकास कार्य जिले की जनता को नजर नहीं आ रहा।

### नेचर ट्रेकिंग की आड़ में 6 करोड़ का खेल

इस मामले में अहम यह है कि उक्त मार्ग में डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण की जरूरत नहीं थी। पूर्व में बालको प्रबंधन ने फुटका पहाड़ से निकलने वाली बॉक्साइट के परिवहन के लिए सड़क का निर्माण किया था। इस सड़क को उखड़वाकर वन विभाग द्वारा डीएमएफ के लगभग 6 करोड़ रुपये खर्च करने का रास्ता बनाया गया और अनुपयोगी सड़क में इतनी बड़ी रकम फूंके गए। सड़क को लेकर कोई सवाल ना उठे इसलिए यहां पर ट्रैकिंग का बोर्ड लगा दिया गया है। इस विषय पर नए रेंजर को कोई मतलब नहीं और तत्कालीन रेंजर का तर्क था कि सड़क बन जाने से वनवासियों, पहाड़ी कोरवा को आवागमन में सुविधा होगी जबकि इस मार्ग में दूर-दूर तक कोई घर, गांव नजर नहीं आता। अब इस बीहड़ जंगल मे कौन सा ट्रेकिंग वन विभाग वाले कराएंगे ये तो वे ही जानें लेकिन इनकी सांठगांठ से जंगल से ही मिट्टी,गिट्टी,मुरुम खोदकर, परिवहन भाड़ा,रॉयल्टी का राजस्व बचाकर, बिना डोजर चलवाये डब्ल्यू बी एम की अमानक सड़क तैयार कर दी गई है। अभी काम शेष है पर भुगतान अशेष है। कुल मिलाकर सरकार का पैसा पानी की तरह बहाना है और निर्माण के नाम पर ठेकेदार से लेकर अधिकारियों की जेब का गर्म होना मकसद है ,अब ऐसे स्थिति में कलम चलाएगा कौन ?

### अधूरी सड़क बनाकर छोड़ा

आबादी विहीन इलाके में नेचुरल ट्रैक के नाम डीएमएफ के करोड़ों रुपए फूंक कर आधी-अधूरी सड़क ही बनाई गई। वन विभाग के प्रस्ताव को जिला खनिज न्यास ने स्वीकार कर निर्माण एजेंसी वनमंडल कोरबा को बनाया। आपसी रजामंदी से इस काम के कई टुकड़े किये गए। दो- दो किलोमीटर तक मरुम सड़क बनाने के नाम पर खनिज न्यास मद से 48 लाख रुपए तक स्वीकृत कराए गए। खजिन न्यास मद से लगभग 6 करोड़ रुपए निकाला गया । मुरुम को सड़क पर डालकर छोड़ दिया गया। इस पर रोलर नहीं चलाया गया। रास्ते में पड़ने वाले पुल पुलिया का निर्माण गुणवत्ताहीन किया गया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता इतनी खराब है कि अभी से ही पुल पुलिया के लिए इस्तेमाल की गई गिट्टी और सीमेंट निकलने लगी है। इस कार्य के लिए वन विभाग ने घने वन क्षेत्र में ही जेसीबी चला दिया।

# ई-श्रम कार्ड योजना

## दुर्घटना का शिकार हुए जिले के पंजीकृत श्रमिक सुरक्षा बीमा का लाभ लेने कर सकते हैं आवेदन

-संवाददाता-
कोरबा,09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के ऐसे श्रमिक जिनका ई-श्रम पोर्टल में 31 मार्च 2022 तक पंजीयन हुआ है तथा जिनकी मृत्यु अथवा अपंगता किसी दुर्घटना के दौरान 31 मार्च 2022 तक हुई है, उन्हें सुरक्षा बीमा का लाभ एक्सग्रेशिया के रूप में देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत दुर्घटना में मृत्यु अथवा दोनों आंखें, दोनों हाथ, दोनों पैरों की पूर्ण रूप से अपूरणीय क्षति, एक हाथ और एक पैर तथा एक आंख अथवा एक पैर की पूर्ण रूप से अपूरणीय क्षति होने पर 2 लाख रुपए दिए जाने का प्रावधान है। साथ ही पूर्ण रूप से एक आंख की अपूरणीय क्षति और पूर्ण रूप से एक हाथ अथवा एक पैर की अपूरणीय क्षति होने पर 01 लाख रुपए दिया जाता है। सहायक श्रम आयुक्त ने जिले के ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनका 31 मार्च 2022 के पूर्व उक्तानुसार दुर्घटना हुई हो, वे बीमा का लाभ लेने हेतु श्रम विभाग में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि जिन हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जाएगा उनमें असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जैसे धोबी, दर्जी, माली, मोची, नाई, बुनकर, रिक्शा चालक, घरेलू कर्मकार, कचरा बीनने वाले, हाथ ठेला चलाने वाले, फुटकर सब्जी, फल फूल विक्रेता, चाय, चाट ठेला लगाने वाले फुटपाथ व्यापारी, हमाल, कुली, रेजा, जनरेटर, लाइट उठाने वाले, केटरिंग में कार्य करने वाले, फेरी लगाने वाले, मोटर सायकल, साइकिल मरम्मत करने वाले आदि दुर्घटना बीमा का लाभ ले सकते है। साथ ही गैरेज मजदूर, परिवहन में लगे मजदूर आदि भी इस योजना में शामिल हैं।

# रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुई सात दिवसीय शिविर के समापन



-संवाददाता-
खड़गवां,09 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
विगत दिवस को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवाडांड कि रासेयो इकाई द्वारा संचालित विशेष सात दिवसीय शिविर के समापन कार्यक्रम में रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो के साथ हुई। इस समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवाडांड के प्राचार्य मुनि राम कैवर्त्य, अध्यक्ष माध्यमिक शाला कोचका के प्रधान पाठक राम साहूछ विशिष्ठ अतिथि राकेश सिंह, रणधीर ठाकुर, लव कुमार, लता साहू, सुशीला लकड़ा,विद्यालय के पूर्व स्वयं सेवक संदीप, संजीव अरुण, रामसजीवन, रहीस एवम अन्य ग्रामीण जानो कि उपस्थिति रही। कार्य क्रम अधिकारी राम खिलावन विश्वकर्मा द्वारा विशेष सात दिवसीय शिविर में आयोजित विभिन्न गति विधियों से ग्रामीण जानो में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया ऐसा प्रतिवेदन मुख्य अतिथि के समक्ष प्रस्तुत किया गया। स्वामी विवेकानंद जी एवम महात्मा गांधी की पूजा अर्चना कर रासेयो के लक्ष्य, उद्देश्य, और गीत के पश्चात विविध नृत्यों और नाटकों की प्रस्तुति स्वयं सेवकों द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन शिविर नायक राजकुमार, एवम लक्ष्मी बाई दल की नायिका रीता देवी द्वारा किया गया। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात शिविर संचालक राम खिलावन विश्वकर्मा द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202401020700020**

विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2023-2024

**अम्बिकापुर प.ह.न. 00015 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-प्रभात चन्द्र मिश्रा,**
**अनावेदक पक्षकार-श्रीमती संतोष पाण्डेय पत्नी स्व0 मनमथेश पाण्डे,**

ईश्तहार

आवेदक प्रभात चन्द्र मिश्रा आ0 आर0पी0 मिश्रा, निवासी मायापुर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 2223/1 में से रकबा 0.018 हे0 एवं खसरा नंबर 2202/1 में से रकबा 0.002 हे0 भूमि को पंजीबद्ध विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है,

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/01/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0**

रा0प्र0क्र0/.../अ-20(3)/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक परमानंद अग्रवाल पिता स्व0 चिरंजीव अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी नवापारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला नवापारा नगर अम्बिकापुर शीट नंबर-01 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 1/156 रकबा 197.01 वर्गफीट भूमि को अनावेदक ओमप्रकाश अग्रवाल पिता परमानंद अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी नवापारा अम्बिकापुर थाना तहसील अम्बिकपुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के पक्ष में दान किये जाने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र पेश की गई।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/01/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0**

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0-202401021200/अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक प्रमानन्द अग्रवाल आ0 चिरंजीलाल अग्रवाल, उम्र-76 वर्ष, जाति अग्रवाल निवासी नवापारा, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि शीट क्रमांक 02, मोहल्ला- कोर्ट के पास, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 506/3 रकबा 0.48 एकड़ में से रकबा 80x25=2000 वर्गफिट भूमि को श्रीमती सावित्री देवी पति प्रमानन्द अग्रवाल को पंजीबद्ध वसीयतनामा दिनांक 06.12.2019 के द्वारा आवेदक को प्रदान दिया गया है। श्रीमती सावित्री देवी पति प्रमानन्द अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 15/02/2020 हो गई है। अतः खातेदार की मृत्यु होने के कारण वसीयत के आधार पर उनका नाम विलोपित कर आवेदक के नाम दर्ज किये जाने बावत् नामान्तरण आदेश पारित किये जाने बावत् आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/01/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर

CMYK

# राष्ट्रपति भवन में 26 खिलाड़ियों को अर्जुन,5 कोच को द्रोणाचार्य पुरस्कार से नवाजा गया




» क्रिकेट में शमी,शूटिंग में ऐश्वर्य प्रताप अर्जुन अवॉर्डी

» सात्विक और चिराग को खेल रत्न

**नई दिल्ली,09जनवरी2024।** राष्ट्रपति भवन में मंगलवार 9 जनवरी को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दिए गए। इसमें 5 कोच को द्रोणाचार्य तो 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया गया। 3 लोगों को लाइफ टाइम सम्मान से नवाजा गया

सबसे पहले कोच को द्रोणाचार्य, फिर लाइफ टाइम और इसके बाद खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड दिया गया। क्रिकेट वनडे वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले फास्ट बॉलर मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार दिया गया। बैडमिंटन की स्टार जोड़ी सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी को मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार दिया गया। यह जोड़ी फिलहाल मलेशिया ओपन सुपर 1000 में खेल रही है, इसलिए सेरेमनी में शामिल नहीं हुई।

### शमी ने वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लिए

अर्जुन अवॉर्ड विनर्स में 33 साल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने वनडे वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन किया था। जहां भारत फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारकर उपविजेता रहा। टूर्नामेंट के शुरुआती 4 मैच नहीं खेलने के बावजूद शमी 24 विकेट लेकर टूर्नामेंट टॉप विकेट टेकर रहे।

### सात्विक चिराग के लिए यह साल यादगार, 3 बीडब्ल्यूएफ टाइटल जीते

सात्विक-चिराग को मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार दिया गया। चिराग और सात्विक के लिए 2023 यादगार रहा। उन्होंने एशियन गेम्स में गोल्ड जीता (एशियन गेम्स के बैडमिंटन इवेंट में भारत का पहला गोल्ड) और एशियन चैंपियनशिप का खिताब जीता। इस जोड़ी ने इंडोनेशिया सुपर 1000, कोरिया सुपर 500 और स्विस सुपर 300 के खिताब भी जीते।

सात्विक-चिराग वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडल विनर हैं और 2022 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भी गोल्ड जीतकर लौटे थे। दोनों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड मिलेगा, जो भारत में खेलों का सर्वोच्च सम्मान है।

### लाइफ टाइम (ध्यानचंद अवॉर्ड)

कविता (कबड्डी), मंजूषा कंवर (बैडमिंटन) और विनीत कुमार शर्मा (हॉकी) को लाइफ टाइम (ध्यानचंद पुरस्कार) से नवाजा गया। इस पुरस्कार से उन खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है जो अपने प्रदर्शन से खेलों में विशेष योगदान दिए हैं। साथ ही जो रिटायरमेंट के बाद भी खेल आयोजन को बढ़ावा देने में अपना सहयोग जारी रखते हैं।

### 5 कोच को दिया गया द्रोणाचार्य

गणेश प्रभाकरन (मलखंब), महावीर सैनी (पैरा एथलेटिक्स), ललित कुमार (कुश्ती), आरबी रमेश (शतरंज) और शिवेंद्र सिंह (हॉकी) को कोचिंग का सबसे बड़ा सम्मान द्रोणाचार्य अवॉर्ड दिया गया।

### तीन कोच को लाइफ टाइम अवॉर्ड दिया गया

गोल्फ कोच जसकीरत सिंह ग्रेवाल, भास्करन ई (कबड्डी, कोच) और जयन्त कुमार पुसीलाल (टेबल टेनिस, कोच) को लाइफ टाइम अवॉर्ड प्रदान किया गया।

### मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ट्रॉफी 2023

गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर (विनर), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब (फर्स्ट रनर-अप) और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र (सेकेंड रनर-अप) देश की टॉप-3 स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी रहीं। अमृतसर की यूनिवर्सिटी को मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ट्रॉफी दी गई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### 48 वीं जूनियर नेशनल कैरम चैंपियनशिप 10 से 13 फरवरी तक तमिलनाडु के मदुरै में



**जयपुर,09 जनवरी 2024।** 48वीं जूनियर नेशनल कैरम चैंपियनशिप 10 फरवरी से 13 फरवरी तक तमिलनाडु के मदुरै शहर में होगी। यह प्रतियोगिता ऑल इंडिया कैरम फैडरेशन के द्वारा आयोजित की जा रही है और मदुरई जिला कैरम संगठन इसकी मेजबान है।यह जानकारी देते हुए राजस्थान कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज खत्री ने बताया कि प्रतियोगिताएं लड़के तथा लड़कियों के 18 वर्ष से कम उम्र तथा युवक एवं युवतियों के 21 वर्ष से कम उम्र के दो ग्रू पों में होगी। राजस्थान से दोनों ग्रुपों में टीमें भेजी जाएगी। राजस्थान के सभी स्कूलों और कॉलेजों को निमंत्रित किया गया है कि वह इच्छुक छात्र एवं छात्राओं तथा युवकों को भेजें इसके लिए वे राजस्थान कैरम एसोसिएशन के महामंत्री फजल अहमद से संपर्क करने का कष्ट करें। सलेक्शन ट्रायल 20 जनवरी से 25 जनवरी के बीच जयपुर में किया जाएगा। सूरज खत्री ने बताया कि इस प्रतियोगिता के दौरान 10 से 13 फरवरी 2024 के मध्य राष्ट्रीय स्तर के अंपायरों की परीक्षा भी आयोजित की जा रही है इसमें राजस्थान से चार प्रतिभागी भाग लेंगे।

### जर्मनी के लिए विश्व कप जीतने वाले फ्रांज बेकेनबाउर का निधन



**जर्मनी,09 जनवरी 2024।** खिलाड़ी और कोच दोनों के रूप में जर्मनी के लिए विश्व कप जीतने वाले महान फुटबॉल खिलाड़ी फ्रांज बेकेनबाउर का निधन हो गया। वह 78 साल के थे। जर्मनी की समाचार एजेंसी 'डीपीए' ने यह जानकारी दी।

बेकेनबाउर के परिवार ने 'डीपीए' को दिये बयान में कहा, ''हमें यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मेरे पति और हमारे पिता, फ्रांज बेकेनबाउर का कल (रविवार) निधन हो गया।'' उन्होंने कहा, ''हम चाहते हैं कि हमें शांति से शोक मनाने की अनुमति दी जाए और कोई भी सवाल न पूछा जाए।''

इस बयान में हालांकि निधन का कारण नहीं बताया गया। बेकेनबाउर ने 1974 में टीम की अगुवाई करते हुए पश्चिम जर्मनी को विश्व चैंपियन बनाने में अहम योगदान दिया था। उन्होंने अर्जेंटीना के खिलाफ 1990 विश्व कप फाइनल जीतने वाली राष्ट्रीय टीम को भी कोचिंग दी थी।

## घरेलू मैदान पर 9,000 रन और 600 विकेट हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने जलज सक्सेना



**अलाप्पुझा,09 जनवरी 2024।** केरल के 37 वर्षीय हरफनमौला खिलाड़ी जलज सक्सेना ने मदन लाल और वीनू मांकड़ के साथ एक प्रतिष्ठित क्लब में अपना नाम शामिल किया। वो यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल तीसरे खिलाड़ी हैं।

उत्तर प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान घरेलू क्रिकेट में जलज सक्सेना ने 9,000 रन और 600 विकेट का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया।

उत्तर प्रदेश के खिलाफ सोमवार को समाप्त हुए रणजी ट्रॉफी ग्रूप बी मैच में सक्सेना ने दो पारियों में 152 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे प्रथम श्रेणी, लिस्ट ए और टी20 के लिए उनकी संयुक्त संख्या 602 हो गई।तीनों प्रारूपों में 308 मैचों में 37 वर्षीय ने प्रथम श्रेणी में 6574 रन, लिस्ट ए में 2035 रन और 70 टी20 मैचों में 661 रन बनाए हैं, जो कुल मिलाकर 9,270 रन हैं।

2005 में मध्य प्रदेश से अपना करियर शुरू करने वाले सक्सेना बाद में 2016 में केरल जाने से पहले दिल्ली चले गए थे।

घरेलू क्षेत्र में लगातार शानदार प्रदर्शन के बावजूद, जलज की अंतर्राष्ट्रीय कैप की तलाश अधूरी रह गई। उन्होंने अपने करियर के 15 वर्षों में 308 घरेलू मैचों में भाग लिया है।

50 विकेट के साथ सक्सेना रणजी ट्रॉफी के 2022-23 सीज़न में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने।

ऑलराउंडर की प्रतिभा न केवल उनके आंकड़ों में बल्कि एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर से स्पिन-गेंदबाजी के उस्ताद में उनके परिवर्तन में भी स्पष्ट थी।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सक्सेना ने मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के लिए खेला है।उनका आईपीएल डेब्यू 2021 सीज़न में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पंजाब किंग्स के लिए हुआ और यह उनका अब तक का एकमात्र मैच है।

## श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ सभी प्रारूपों की श्रृंखला खेलेगी अफगानिस्तान

**काबुल ,09 जनवरी 2024।** अफगानिस्तान फरवरी 2024 में श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ सभी प्रारूपों की श्रृंखला में भाग लेगी।



अफगानिस्तान ने 2 फरवरी से 18 मार्च के बीच होने वाली दो अलग-अलग सभी प्रारूप श्रृंखलाओं की घोषणा की है। टीम पहले 2 से 21 फरवरी तक एकमात्र टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।

फिर, 28 फरवरी से 18 मार्च तक यूएई में इतने ही मैचों के लिए आयरलैंड की मेजबानी करेगी।

अफगानिस्तान का श्रीलंका दौरा 2 से 6 फरवरी तक कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट ग्राउंड में एकमात्र टेस्ट मैच के साथ शुरू होगा। इसके बाद 9,11 और 14 फरवरी को आर. प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।

जबकि, कोलंबो में तीन टी20 मैच 17, 19 और 21 फरवरी को दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ नसीब खान ने अगले कुछ महीनों के लिए अफगानिस्तान के एक्शन से भरपूर सीज़न पर खुशी व्यक्त की। जो जून में कैरेबियन और यूएसए में आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए टीम की पूरी तैयारी में मदद करेगा।

## अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मुजीब, फजल,नवीन पर लगा प्रतिबंध हटाया




**काबुल,09 जनवरी 2024।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने तीन राष्ट्रीय खिलाड़ियों मुजीब उर रहमान, फजल हक फारूकी और नवीन उल हक पर पहले लगाए गए प्रतिबंधों को संशोधित कर दिया है,क्योंकि खिलाड़ियों ने नरम रुख अपनाया और केंद्रीय अनुबंध कबूल करने की इच्छा जताई। एसीबी ने कहा कि उसने गहन जांच के बाद खिलाड़ियों को अंतिम चेतावनी जारी करने और उनका वेतन काटने का फैसला किया।

बोर्ड ने एक बयान में बताया कि संशोधित प्रतिबंध अब इन खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध प्राप्त करने और राष्ट्रीय कर्तव्यों और एसीबी के हितों के प्रति उनकी पूर्ण प्रतिबद्धता सुनिश्चित करते हुए फ्रेंचाइजी लीग में भाग लेने की अनुमति देंगे। खिलाड़ियों के एसीबी के पास बिना शर्त संपर्क करने और फिर से देश का प्रतिनिधित्व करने की तीव्र इच्छा जताने पर एसीबी ने एक व्यापक जांच शुरू की। एसीबी के बयान में कहा गया है, हालिया घटनाक्रम के आलोक में खिलाड़ियों के शुरुआती रुख का मूल्यांकन करने और राष्ट्रीय टीम में उनके रहने के महत्व को स्वीकार करने के बाद नियुक्ति समिति ने बोर्ड को अपनी अंतिम सिफारिशें बताई।बयान में कहा गया है, एक अंतिम चेतावनी और वेतन कटौती- प्रत्येक खिलाड़ी को एक अंतिम लिखित चेतावनी मिलेगी और उनकी मासिक कमाई और/या मैच फीस से एक विशिष्ट वेतन कटौती का सामना करना पड़ेगा।एसीबी राष्ट्रीय कर्तव्य और एसीबी के हितों को प्राथमिकता देते हुए सम्मानित खिलाड़ियों को सीमित एनओसी जारी करने पर सख्ती से विचार करेगा।एसीबी ने कहा, एसीबी इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन और आयोजनों में अनुशासन की सख्ती से निगरानी करते हुए उन्हें केंद्रीय अनुबंध दे सकती है।

## किदांबी श्रीकांत जोनाथन क्रिस्टी को हराया

**कुआलालंपुर,09 जनवरी 2024।** भारत के किदांबी श्रीकांत ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को कड़े मुकाबले में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। आंध्र प्रदेश के गुंटूर के 30 साल के श्रीकांत ने एक घंटा और पांच मिनट चले पहले दौर के मुकाबले में छठे वरीय क्रिस्टी को 12-21 21-18 21-16 से हराया।




दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत अगले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत आम तौर पर तीन गेम के मुकाबले के दबाव को झेलने में नाकाम रहे हैं लेकिन मंगलवार को पहला गेम गंवाने के बावजूद उन्होंने धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। इंडोनेशिया के खिलाड़ी के खिलाफ श्रीकांत ने कुछ बेहतरीन मैच खेले हैं। उन्होंने क्रिस्टी के खिलाफ 11 में से छह मुकाबलों में जीत दर्ज की है। नए सत्र का पहला मुकाबला खेल रहे श्रीकांत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह जल्द ही 4-7 से पिछड़ गए। श्रीकांत ने 8-7 की बढ़त बनाई लेकिन क्रिस्टी ने लगातार नौ अंक जीतने के बाद पहला गेम आसानी से अपने नाम किया। कोच के रूप में पारूपल्ली कश्यप की मौजूदगी में दूसरे गेम में श्रीकांत ने 4-0 की बढ़त बनाई लेकिन क्रिस्टी 11-7 और फिर 17-14 से बढ़त बनाने में सफल रहे। श्रीकांत ने हालांकि अगले आठ में से सात अंक जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। निर्णायक मुकाबले में श्रीकांत ने एक बार फिर खराब शुरुआत की। क्रिस्टी ने 5-0 की बढ़त बनाई और फिर इसे 14-9 तक पहुंचाया। श्रीकांत ने हालांकि इसके बाद क्रिस्टी की गलतियों का फायदा उठाकर जोरदार वापसी की और लगातार सात अंक के साथ 16-14 की बढ़त बना ली और फिर आसानी से गेम और मैच जीत लिया।

## एटमबर्ग और कैम्पा होंगे बीसीसीआई ने नए आधिकारिक स्पॉन्सर

**नईदिल्ली,09जनवरी 2024।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने भारत में होने वाले मैचों के लिए कैंपा के साथ डील की है। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के स्वामित्व वाली ड्रिंक्स ब्रांड कैंपा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का स्पॉन्सर होगा। दरअलस बीसीसीआई ने एक प्रेस रिलीज की है, जिसमें खुद उसने इस बात की पुष्टि की है। बीसीसीआई घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय सीज़न 2024-2026 के लिए कैंपा और एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज को आधिकारिक भागीदार घोषित कर रही है। इस रिलीज में आगे लिखा है कि, जैसा कि क्रिकेट प्रेमी मैदान पर रोमांचक प्रतियोगिताओं और असाधारण प्रदर्शन का बेसब्री से इंतजार करते हैं, बीसीसीआई फैंस के अनुभव को बढ़ाने और भारतीय क्रिकेट के कद को ऊंचा करने के लिए दो घरेलू ब्रांडों, कैंपा और एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज के साथ जुड़कर खुश है। कैम्पा रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के तहत एक विरासती ब्रांड, उत्पादों की एक रोमांचक सीरीज की घोषणा करने और स्टेडियमों में फैंस को नए जमाने का अनुभव प्रदान करने के लिए इस सहयोग का लाभ उठाएगा।

एटमबर्ग भारत के सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता उपकरण ब्रांडों में से एक - स्मार्ट फैंस में अग्रणी और बाजार के अग्रणी हैं और हाल ही में स्मार्ट ताले और अन्य घरेलू उपकरणों में उद्यम किया है।

वहीं बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा कि, हमें भारत होम क्रिकेट सीजन 2024-26 के लिए अपने सम्मानित साझेदार के रूप में कैम्पा और एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

## अभिनेता आर माधवन ने अपनी आगामी फिल्म का पहला लुक किया शेयर



सीरीज द रेलवे मेन में रति पांडे के किरदार से दर्शकों का दिल जीतने वाले अभिनेता आर माधवन ने आगामी फिल्म से अपना लुक शेयर किया है।

तस्वीरों में रहना है तेरे दिल में के अभिनेता ने सफेद फॉर्मल शर्ट, नेवी ब्लू पैंट, मैचिंग टाई और बेज कोट पहना हुआ है। उन्होंने ब्लैक फॉर्मल जूतों के साथ लुक को पूरा किया और दाढ़ी-मूंछ वाला लुक दिया।

माधवन ने कहा, यह मेरी नई फिल्म का लुक है। इस साल चार फिल्में पाइपलाइन में हैं, एक अजय देवगन और एक अक्षय कुमार के साथ है। एक जियो के साथ हिसाब बराबर है। दूसरी विक्रम वेधा है। नयनतारा के साथ टेस्ट और एक तमिल फिल्म अधिरष्टसाली है।53 वर्षीय अभिनेता ने 2022 में रॉकेट्री द नंबी इफेक्ट के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत भी की थी। यह फिल्म भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिक नंबी नारायणन के जीवन पर आधारित है।शिव रवैल द्वारा निर्देशित द रेलवे मेन चार-पार्ट वाली मिनी-सीरीज है। इसमें माधवन, केके मेनन, बाबिल खान और दिव्येंदु जैसे कलाकारों ने शानदार एक्टिंग की है।

## सुष्मिता सेन ने एक्स ब्वॉयफ्रेंड रोहमन शॉल के बर्थडे पर लुटाया प्यार



एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने अपने एक्स ब्वॉयफ्रेंड रोहमन शॉल को जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया पर जमकर प्यार लुटाया।

सुष्मिता और रोहमन 2018 से 2021 तक रोमांटिक रिलेशनशिप में रहे, पर 23 दिसंबर 2021 को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए उन्होंने अपने ब्रेकअप की घोषणा की।

अब, रोहमन के जन्मदिन पर एक्ट्रेस ने एक मिरर सेल्फी शेयर की, जिसमें दोनों को विंटर आउटफिट में देखा जा सकता है।

सुष्मिता ने ब्लैक कलर के जॉगर और मैचिंग लेदर जैकेट पहनी हुई है और ग्रे बीनी कैप और ग्रे बूट्स के साथ पेयर किया है।वहीं रोहमन ने ब्लैक जॉगर्स और मैचिंग जैकेट पहनी हुई है।

जन्मदिन की पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा है, हैप्पी बर्थडे बाबूशाह, ऐसे ही हमेशा खुश रहो...तुम्हारे लिए ढेर सारा प्यार और ब्लेसिंग्स।


रोहमन ने पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, थैंक यू बाबू

सुष्मिता की बेटी रेनी ने लिखा, आई लव दिस पिक्चर।

सुष्मिता की दो गोद ली हुई बेटियां रेनी और अलीसा हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, सुष्मिता को अब से पहले क्राइम थ्रिलर ड्रामा आर्या के सीजन 3 में देखा गया था। उन्होंने वेब सीरीज ताली में शानदार काम किया, जिसमें उन्होंने गौरी सावंत का किरदार भी निभाया।

## मेरे लिए कन्नड़ में गाना म्यूजिकल हैप्पी प्लेस है : अरमान मलिक



बोल दो ना जरा,नैना और बेसब्रियां जैसे गानों के लिए जाने जाने वाले सिंगर-सॉन्गराइटर अरमान मलिक ने फिल्म ओंदु सरला प्रेमा काथे के कन्नड़ गाने निन्यारेले के साथ 2024 की शुरुआत की है। सिंगर ने साझा किया कि उन्हें इस भाषा में गाने में आराम मिलता है। उन्होंने इसे अपना म्यूजिकल हैप्पी प्लेस बताया।

निन्यारेले एक रोमांटिक सॉन्ग है। इस गाने को लेकर अपने एक्सपीरियंस के बारे में बात करते हुए, अरमान मलिक ने कहा- यह मेरी म्यूजिकल खुशी की जगह है। बहुत उत्साहित हूं कि इस साल मेरा पहला ट्रैक निन्यारेले कन्नड़ में है। इस नए गाने की रिलीज मेरे लिए स्पेशल महत्व रखती है क्योंकि यह एक्टर विनय राजकुमार के साथ पुरानी यादों को ताजा करने का प्रतीक है।

उन्होंने आगे कहा, हमारा सहयोग 2015 में फिल्म सिद्धार्थ से शुरू हुआ, जहां मैंने उनके साथ कन्नड़ इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत की थी।यह गीत न केवल हमारी साझा यात्रा को दर्शाता है बल्कि हमारे पहले प्रोजेक्ट के बाद से विकास और कलात्मक विकास को भी दर्शाता है।

मुझे उम्मीद है कि यह ट्रैक लोगों को पसंद आएगा और एक ऐसा राग बन जाएगा जो उनके दिलों से जुड़ जाएगा। अरमान मलिक द्वारा गाया गया, वीर समर्थ द्वारा कंपोज और सिद्धू कोडिपुरा और सुनी द्वारा लिखित निन्यारेले प्रमुख ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफार्मों पर स्ट्रीम के लिए उपलब्ध है।

# जल्द ही किसानों को मिलेगी चौथी किस्त की राशि

## जल्द ही राज्य सरकार किसानों को धान की अंतर राशि एकमुश्त जारी कर देगी...



**रायपुर,09 जनवरी 2024 (ए)।** किसानों को जल्द ही बड़ी खुशखबरी मिलने वाली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आश्वस्त किया है कि जल्द ही राज्य सरकार किसानों को धान की अंतर राशि एकमुश्त जारी कर देगी। दरअसल मोदी की गारंटी में किसानों से भाजपा ने ये वादा किया है कि उन्हें 3100 रुपये प्रति क्विंटल के दर से भुगतान किया जायेगा। लेकिन अभी मौजूदा वक्त में किसानों को धान के बदले जो राशि का भुगतान किया जा रहा है, वो समर्थन मूल्य के आधार पर है। ऐसे में किसानों के बीच ये गफलत की स्थिति बन रही थी, कि कहीं भाजपा किसानों के साथ वादाखिलाफी तो नहीं करेगी, लेकिन आज मुख्यमंत्री ने प्रदेश के किसानों को आश्वस्त किया है कि किसानों को धान का मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल ही मिलेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि अभी किसानों को धान खरीदी में एमएसपी की राशि मिल रही है। मोदी की गारंटी के अंतर्गत हमारा वादा प्रति क्विंटल ₹3100 देने का है। हम प्रिय किसान भाइयों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि उन्हें अंतर की राशि अतिशीघ्र एकमुश्त दी जाएगी आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ में सहकारी समितियों के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी फिलहाल हो रही है। लिमिट तय होने के बाद ये पहला मौका होगा जब 20 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से किसानों से धान खरीदी हो रही है। सरकार ने धान कॉमन मोटा की खरीद की दर 2183 रुपये प्रति क्विंटल और ए ग्रेड की पतले धान की खरीद की दर 2203 रुपये प्रति क्विंटल तय की है। अभी किसानों को इसी दर पर भुगतान हो रहा है, लेकिन राज्य सरकार जल्द ही 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि को निकालकर किसानों के खाते में एकमुश्त राशि जमा करायेगी। धान की खरीदी 31 जनवरी 2024 तक होगी।

### राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किस्त पर डिप्टी सीएम अरुण साव का बड़ा ब्यान

छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद सरकार चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने में लड़ी हुई है। इसी के तहत राजीव गांधी किसान न्याय योजना को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने बड़ा बयान दिया है। मुंगेली प्रवास के दौरान साव ने किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किस्त देने के संकेत दिए हैं।उन्होंने मीडिया द्वारा पूछे गए राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किश्त देने के सवाल पर कहा, किसानों को उनका वाजिब हक मिलकर रहेगा। सरकार बदलने से किसी का हक समाप्त नहीं होता है। किसानों को हमारी सरकार हक की राशि निश्चित रूप से देगी।

## साय की कैबिनेट बैठक आज

**रायपुर,09 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में कल यानी 10 जनवरी को साय कैबिनेट की बैठक होने वाली है। मिली जानकारी के अनुसार, आज शाम 5 बजे मंत्रालय में ये बैठक होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर फैसला लिया जा सकता है।इस बीच उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने किसान के पक्ष में एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के हितैषी है। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा पिछले सरकार के राजीव गांधी न्याय योजना धान खरीदी की चौथी किस्त की राशि जिसे कांग्रेस सरकार किसानों को नहीं दी थी। उस पैसे को भी हमारी सरकार देगी। बात अगर किसानों के हितों की है तो सरकार बदल जाने से किसानों के अधिकार समाप्त नहीं हो जाते। भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के हितों की चिंता करने वाली सरकार है। हम किसानों के अधिकार की वो सारी चीजें देने के लिए तैयार हैं जो मोदी की गारंटी के तहत घोषणा किया गया था। साथ ही पिछले सरकार के फैसले किसानों को दिए जाने वाले राजीव गांधी न्याय योजना की राशि भी किसानों को दिया जाएगा।



## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व सीएम के पिता को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर,09 जनवरी 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पाटन सदन पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल एवं उनके परिजनों से भेंटकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और ईश्वर से उनके परिवारजनों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक किरण सिंहदेव ने भी स्वर्गीय नंदकुमार बघेल को श्रद्धांजलि दी।

### आईएएस बसव राजू बने सीएम के सेक्रेटरी,आदेश जारी



**रायपुर,09 जनवरी 2024(ए)।** मुख्यमंत्री सचिवालय में दूसरे आईएएस की पोस्टिंग हुई है। 2007 बैच आईएएस बसव राजू सेक्रेटरी टू सीएम बनाये गये हैं। बता दें कि इससे पहले 2006 बैच के पी दयानंद की मुख्यमंत्री सचिवालय में नियुक्ति हुई थी। बसव एस राजू सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग व अतिरिक्त प्रभार सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को सचिव मुख्यमंत्री के साथ सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग,सचिव नगरीय प्रशासन विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# अमित जोगी ने की अमित शाह से मुलाकात



» छत्तीसगढ़ में सियासी गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म

**रायपुर,09 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अमित जोगी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। नई दिल्ली में एक दिन पहले हुए इस मुलाकात की तस्वीर आज अमित जोगी ने सोशल मीडिया में शेयर की है। अमित ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया है। इधर प्रदेश के सियासी गलियारों में इस मुलाकात के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं और मुलाकात को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

### विधानसभा चुनाव में रहा निराशाजनक प्रदर्शन

इस बार के विधानसभा चुनाव में अमित जोगी की पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। जोगी परिवार के तीनों लोग चुनाव मैदान में थे और तीनों ही हार गए। अमित जोगी खुद पाटन सीट से तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ चुनाव लड़े थे, लेकिन वे जमानत भी नहीं बचा पाए हैं।

2018 में पार्टी के 5 एमएलए थे, इस बार उनका एक भी प्रत्यासी चुनाव नहीं जीता है, पार्टी का वोट शेयर भी घट गया है। पार्टी के लगभग सभी बड़े नेता साथ छोड़ चुके हैं। 2018 में जनता कांग्रेस की टिकट पर चुनाव जीतने वाले धर्मजीत सिंह भाजपा में शामिल हो गए हैं। अब वे बीजेपी के विधायक हैं। वहीं प्रमोद शर्मा कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। जबकि रेणु जोगी अपनी कोटा सीट से चुनाव हार गई हैं। अजीत जोगी और देवव्रत सिंह का निधन हो चुका है। वहीं कुछ लोग इस मुलाकात को अमित जोगी की चर्चा में बने रहने का स्टंट बता रहे हैं।

# 10 जिलों के अधिकारियों ने संविदा अधिकारी डीडी सिंह के खिलाफ खोला मोर्चा



तत्काल पद से हटाने के लिए सीएम को लिखा पत्र

**रायपुर,09 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा संघ की बस्तर इकाई के पदाधिकारी समेत गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,महासमुंद, कवर्धा, बिलासपुर, कांकेर, खैरागढ़- छुईखदान -गंडई, कोंडागांव, गरियाबंद और रायगढ़ इकाई के पदाधिकारियों ने डीडी सिंह के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उन्हें हटाने की मांग की है।

सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव की कमान संभाल रहे संविदा अधिकारी डीडी सिंह की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। उन्हें हटाने के लिए पूर्व विधायक रामदयाल उइके ने मोर्चा खोला ही हुआ है।अब राज्य प्रशासनिक सेवा के अलग-अलग जिलों के अफसर भी उनकी नियुक्ति रद्द कर नियमित अफसर को सामान्य प्रशासन विभाग का कमान सौपने की मांग को लेकर लामबंद होने लगे हैं।



## भाजपा विधायकों को लोकसभा चुनाव में टिकट दिए जाने लेकर गरमाई सियासत

### कांग्रेस के कटाक्ष पर मंत्री अग्रवाल ने कहा अपना घर संभालो

**रायपुर,09 जनवरी 2024 (ए)।**कांग्रेस और भाजपा में लोकसभा चुनाव को लेकर अब सियासी गरमाहट देखने को मिल रही है। ताजा मामला भाजपा नेतृत्व विधानसभा जीते विधायकों को लोकसभा में उतारने पर विचार कर रही है। यह ठीक वैसा ही जैसा कि विधानसभा चुनाव में केंद्रीय नेतृत्व ने सांसदों को उतार कर जीत हासिल की। इस मामले पर प्रदेश में राजनीति गरमाई हुई है।भाजपा विधायकों को लोकसभा टिकट दिए जाने के कटाक्ष पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस में क्या हो रहा है, कितनी भगदड़ मची है। कितने लूट मार मची है। कितने आरोप लग रहे हैं। कांग्रेस अपने घर को संभाले बीजेपी की चिंता ना करे।

# 6 माह की बच्ची की गोली लगने से हुई मौत की न्यायिक जाँच हो

## प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से आदिवासियों पर अत्याचार बढ़े है...

**बीजापुर,09 जनवरी 2024 (ए)।** बीजापुर के विधायक विक्रम मण्डावी ने मंगलवार को बीजापुर में कहा कि 1 जनवरी 2024 की शाम लगभग 4 बजे बीजापुर जिले के थाना गंगालूर अंतर्गत ग्राम मुतवेंडी में क्रॉस फायरिंग में एक 6 माह की बच्ची और उसकी माँ को गोली लगने से 6 माह की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई और उसकी माँ घायल हो गई। इस घटना को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं सांसद माननीय दीपक बैज ने एक पांच सदस्यीय जांच दल का गठन किया था।



जांच दल में विक्रम मण्डावी विधायक बीजापुर, श्रीमती नीना रावतिया उद्दे सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, शंकर कुडियम अध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर, बसंतराव ताटी सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, मिच्चा मुत्तैया उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भोपालपटनम् एवं लालू राठौर, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर आदि शामिल थे। विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि जांच दल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 08 जनवरी 2024 को बीजापुर से गंगालूर होते हुए ग्राम मुतवेंडी के लिए रवाना हुई।

## कर्मचारी संघ ने की 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग



**रायपुर,09 जनवरी 2024 (ए)।** मंत्रालय कर्मचारी संघ ने सीएम विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। कर्मचारी संघ ने अपने पत्र में लिखा है कि राममंदिर निर्माण की 500 से अधिक वर्षों की प्रतिक्षा पूरी हो रही है, ऐसे में सब कर्मचारी दुर्लभ पल का साक्षी बनना चाहते हैं।

बता दें कि 22 जनवरी 2024 को नव निर्मित राममंदिर में भगवान रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है।

जिसका उत्साह पूरे देश में छाया हुआ है, ऐसे में जाति धर्म के बंधन को तोड़कर पूरे देश के लोग इस कार्यक्रम में शामिल होना चाहते हैं,अतः 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए।



# भगवान राम पर राजनीति बर्दाश्त नहीं : मंत्री केदार कश्यप

**रायपुर,09 जनवरी 2024(ए)।** भगवान राम को लेकर की जा रही राजनीति पर मंत्री केदार कश्यप ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने पूरे सिस्टम को खराब करने की कोशिश की। वास्तविक चेहरा सामने आया है, और धर्म विरोधी हो गए हैं, इसलिए ऐसे बयान दे रहे हैं। भगवान राम पर राजनीति बर्दाश्त नहीं, यह कोई राजनीतिक विषय नहीं है। मंत्री केदार कश्यप ने मीडिया से चर्चा में कहा कि राजनीति करना है तो शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास- जैसे विषयों पर पर करें। छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है. दंडकारण्य हमारी आस्था का केंद्र है। पद चरण पड़े थे, इसलिए कहा जाता है कि वहां कांटा नहीं है।. भगवान राम का मंदिर बना है, हम सब जाएंगे. वहीं पखांजूर में हुई बीजेपी नेता असीम राय की हत्या पर केदार कश्यप ने शोक जताते हुए कहा कि यह हम सबके के लिए क्षति है। कल वहां गए थे और मामले की पूरी जांच होगी. मामले के अलग-अलग पहलू बताए गए हैं। सभी पहलुओं पर जांच की जाएगी। वहीं मंत्री ने हत्या के पीछे राजनीतिक षडयंत्र होने की आशंका जाहिर करते हुए कहा कि कांग्रेस के समय में लगातार मामले सामने आए हैं.। जरूर राजनीतिक षड्यंत्र हो सकता है।

# पोटकापल्ली में नक्सलियों की साजिश हुई नाकाम

### सीआरपीएए -डीआरजी जवानों ने किया 15केजी के आईईडी बम को डिफ्यूज



**सुकमा,09 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के पोटकापल्ली के पास नक्सलियों द्वारा लगाया गया 15 किलो का आईईडी बरामद किया गया है।

नक्सलियों ने किस्टाराम थाना क्षेत्र के कैंप पोटाकपल्ली से संयुक्त अभियान पर निकले 212वीं वाहिनी सीआरपीएफ और जिला बल के जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी लगाया था।

एरिया डोमिनेशन के दौरान 212 बटालियन सीआरपीएफ और जिला बल ने मौके पर ही आईईडी को डिफ्यूज कर दिया।

# पास्टर को मिली 5 साल की सजा

» 2 लाख जुर्माना भी कोर्ट ने लगाया

» अपर सत्र न्यायाधीश शैलेष शर्मा की अदालत ने फैसला सुनाया फैसला



**दंतेवाड़ा,09 जनवरी 2024(ए)।** जिले में नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले पास्टर को 5 साल की जेल हो गई है। इसके साथ ही 2 लाख रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। दंतेवाड़ा के अपर सत्र न्यायाधीश शैलेष शर्मा की अदालत ने फैसला सुनाया है। बताया जा रहा है कि पास्टर का नाम हेमंत सोना (44) है, जो महासमुंद जिले का रहने वाला है। वो साल 2017 में बचेली में चर्च में सेवाएं देने आया था। इस चर्च में इलाके का एक परिवार प्रार्थना करने जाता था। परिवार के साथ पास्टर हेमंत सोना के संबंध अच्छे हो गए थे। एक-दूसरे के घर आना-जाना भी होने लगा।

एक दिन जब नाबालिग अपने घर में अकेली थी, तो पास्टर वहां पहुंचा। वो नाबालिग को यहां-वहां छूने लगा। साथ ही कुछ अश्लील तस्वीरें भी दिखाई, फिर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने लगा। उसने नाबालिग को धमकी दी कि अगर उसने किसी को ये बात बताई तो ठीक नहीं होगा। इसके बाद वो चला गया।

जब परिजन घर लौटे, तो पास्टर की इस करतूत से डरी-सहमी 16-17 साल की नाबालिग ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस थाने में तुरंत मामले की रिपोर्ट दर्ज करवाई। मामला कोर्ट में पहुंचा। इस मामले के संबंध में कुछ लोगों का बयान भी दर्ज हुआ। सारे गवाहों और सबूतों के बाद दंतेवाड़ा के अपर सत्र न्यायाधीश शैलेष शर्मा की अदालत ने आरोपी पास्टर को दोषी करार देते हुए 5 साल कारावास की सजा सुनाई। साथ ही क्षतिपूर्ति के लिए पीड़िता को 2 लाख रुपए देने आदेश भी दिया।

# राजधानी के आरडी तिवारी आत्मानंद स्कूल का गिरा छत,बाल-बाल बचे विद्यार्थी



### वार्षिकोत्सव के तैयारी के दौरान हुआ हादसा

**रायपुर,09 जनवरी 2024(ए)।** राजधानी रायपुर से एक बड़ी खबर निकल कर सामने आ रही है। शहर के आरडी तिवारी स्वामी आत्मानंद स्कूल के छत का प्लास्टर गिर गया है। इस दौरान वार्षिक उत्सव की तैयारी कर रहे स्कूली बच्चे बाल-बाल बचे हैं। एक बड़ा टल गया है। घटना में किसी को चोट नहीं आई है। वहीं प्लास्टर गिरने से हड़कंप मच गया है। गौरतलब है कि हाल ही स्कूल का मरम्मत कराया गया था। लाखों रुपये खर्च कर स्कूल का कायाकल्प किया गया था। ऐसे में छत का प्लास्टर गिरने से स्कूल के मरम्मत को लेकर सवाल उठने लगे हैं। हादसे के बाद से स्कूल मरम्मत के नाम पर जारी राशि में अनियमितता की बूं आ रही है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)